



# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र





अगर तनाव को रखना है दूर तो डाइट में शामिल करें ये पांच सुपर पेज: 7

होबले फिल्स के अगले प्रोजे ट में सूर्या के साथ होंगी ए ट्रेस पेज: 8



वर्ष : 02 | अंक : 99 | सोमवार 13 जुलाई 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए


## गोरखपुर से सीएम योगी का बड़ा ऐलान, यूपी में 35 करोड़ पौधों का मेगा वृक्षारोपण अभियान शुरू

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया है। इसके बाद वे गोरखपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री राज्य में 'महा वृक्षारोपण 2026' अभियान की शुरूआत करेंगे, जिसके तहत पूरे उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है। गोरखपुर में मेगा प्लांटेशन अभियान की शुरूआत गोरखपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत साल 2026 के इस बड़े पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के लॉन्च के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण और धरती के महत्व को समझाया। जनता से क्या बोले योगी आदित्यनाथ? सीएम योगी ने कहा, "यह धरती मां के प्रति आभार जताने का एक बहुत बड़ा और शानदार प्रयास है।

# पीएम मोदी ने कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी अमीर के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली एजेंसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने इसे अत्यंत पीड़ादायक बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हम कतर के फादर अमीर, महामहिम शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। वह एक दूरदर्शी नेता थे, जिनके नेतृत्व में कतर ने विकास और समृद्धि के नए आयाम हासिल किए। हम उन्हें एक सच्चे मित्र के रूप में भी याद करते हैं, जिनसे मुझे फरवरी 2024 में अपनी कतर यात्रा के दौरान मिलने का सम्मान प्राप्त हुआ था। शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने



आगे लिखा, मैं कतर के अमीर महामहिम शेख तमीम बिन हमद अल थानी, पूरे शाही परिवार और कतर की जनता के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। कतर के फादर अमीर कहे जाने वाले शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन की घोषणा कतर की सर्वोच्च सरकारी संस्था (अमीरी दीवान) ने रविवार को की। अमीरी दीवान ने कहा, ह्व ईश्वर के फैसले और नियति पर अटूट विश्वास के साथ, अमीरी दीवान राष्ट्र की इस महान क्षति पर शोक व्यक्त करता है। परमात्मा दिवंगत अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी पर अपनी कृपा बनाए रखें, जिनका आज सुबह निधन हो गया। ेख हमद ने 1995

### दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में शामिल हो गया

*अपने 18 वर्षों के शासनकाल (1995/2013) के दौरान उन्होंने कतर के विशाल प्राकृतिक गैस उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की। इसके परिणामस्वरूप कतर प्रति व्यक्ति आय के आधार पर दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में शामिल हो गया। साथ ही, उन्होंने कतर की विदेश नीति को भी अधिक सक्रिय और प्रभावशाली बनाया*

से 2013 तक कतर पर शासन किया। उन्हें देश के आधुनिक विकास का निमार्ता माना जाता है। उनके शासनकाल में कतर ने आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की पहचान और प्रभाव काफी बढ़ा। उनके नेतृत्व में खाड़ी का यह देश दुनिया के सबसे समृद्ध और प्रभावशाली देशों में से एक बन गया। अपने 18 वर्षों के शासनकाल (1995/2013) के दौरान उन्होंने कतर के विशाल प्राकृतिक गैस उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की। इसके परिणामस्वरूप कतर प्रति व्यक्ति आय के आधार पर दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में शामिल हो गया। साथ ही, उन्होंने कतर की विदेश नीति को भी अधिक सक्रिय और प्रभावशाली बनाया, जिससे देश की वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और कूटनीतिक पहचान मजबूत हुई। उनके शासनकाल के दौरान कतर में 2006 एशियाई खेलों का आयोजन, 2012 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की मेजबानी, दोहा समझौता, फतहझ्रहमास दोहा समझौता और 2022 फीफा विश्व कप की मेजबानी का अधिकार कतर को मिला। जून 2013 में उन्होंने स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा (गद्दी त्याग) देकर सत्ता अपने चौथे पुत्र, शेख तमीम बिन हमद अल थानी को सौंप दी, जो वर्तमान में कतर के अमीर हैं।

## राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर कांग्रेस का हमला, पीएम मोदी की चुप्पी पर जयराम रमेश ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली एजेंसी:** कांग्रेस ने रविवार को अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चढ़ावे में कथित हेराफेरी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की "चुप्पी" पर सवाल उठाए और कहा कि देश "आस्था से विश्वासघात" के लिए भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस महासचिव (प्रभारी संचार) जयराम रमेश ने उच्चतम न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र जांच, फॉरेंसिक ऑडिट, जवाबदेही तय करना और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पार्टी की मांगों को फिर से दोहराया। रमेश ने 'एक्स' पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, "चंदा चोरी: आस्था से धोखा। भगवान श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण का खुलासा हुए आज एक माह बीत चुका है, पर हर चीज का श्रेय लेने



वाले प्रधानमंत्री मोदी जवाबदेही के नाम पर मौन मोदी बने हुए हैं।"‹राम द्रोही सरकार असली गुनाहगारों को बचाने में लगी है उन्होंने कहा कि राम मंदिर के नाम पर राजनीति करने वालों की पोल अब हर रोज नए तथ्यों से खुल रही है। रमेश ने कहा कि चढ़ावा चोरी के मामले में रोजाना लाखों रुपये गायब होने की बात मामले को रफा-दफा करने के लिए बनाए गए विशेष जांच दल (एसआईटी) को भी माननी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया, "भगवान श्री राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण कुछ कर्मचारियों तक सीमित नहीं हो सकता, पर फिर भी यह राम द्रोही सरकार असली गुनाहगारों को बचाने में लगी है। रमेश ने कहा कि कांग्रेस पहले से ही कहती आई है कि एसआईटी, प्राथमिकी और इस्तीफे बस देशवासियों की आंखों में धूल झोंकने के प्रयास हैं। चंपत राय और अन्य मंदिर न्यासियों के पास कुछ गहरे राज कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मामले को दबाने की सरकारी कोशिशों से स्पष्ट हो गया है कि चंपत राय और अन्य मंदिर न्यासियों के पास कुछ गहरे राज हैं, जिसके कारण मोदी सरकार उनपर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और उनका दबदबा आज भी कायम है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस की निम्नलिखित मांग हैं: उच्चतम न्यायालय की देखरेख में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच, फॉरेंसिक ऑडिट, जवाबदेही तय हो, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। भाजपा-आरएसएस ने आस्था के नाम पर विश्वासघात किया रमेश ने आरोप लगाया, "प्रधानमंत्री जी, देश जानना चाहता है

## आदित्य ठाकरे का बीजेपी पर सबसे बड़ा हमला, बोले- 'यह अब बाबर जनता पार्टी है'

**मुंबई एजेंसी:** शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे ने राम मंदिर में कथित चंदा चोरी और समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर भाजपा को आड़े हाथों लिया है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आदित्य ठाकरे ने भाजपा पर तीखे राजनीतिक हमले किए। उन्होंने कहा, "हम भगवान राम की रक्षा भाजपा से कर रहे हैं। भाजपा अब 'बाबर जनता पार्टी' बन चुकी है। भाजपा कथित राम मंदिर लूट से देश का ध्यान भटकाने के लिए ही समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा रही है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। आइए यूसीसी पर उसके गुणों के आधार पर बहस करें, और हम इसका समर्थन करेंगे। सुप्रीम कोर्ट को राम मंदिर में हुई इस कथित लूट की निष्पक्ष जांच करानी



चाहिए।" उद्धव ठाकरे ने शुरू किया 'राम रक्षा' आंदोलन अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे और चंदे की कथित चोरी के खिलाफ उद्धव ठाकरे ने 5 जुलाई को 'राम रक्षा' आंदोलन की शुरूआत की थी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदुओं को लूटने वाले लोग इस समय सत्ता में बैठे हैं। आंदोलन के तहत उद्धव ठाकरे ने मध्य मुंबई के दादर में स्थित हनुमान मंदिर में 'हनुमान स्तोत्र' और 'हनुमान चालीसा' का पाठ किया। इसके बाद मंदिर के बाहर एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। भगवा रंग का कुर्ता पहने उद्धव ठाकरे ने साफ कहा कि अगर कोई हिंदुत्व का गलत इस्तेमाल करके मंदिर को लूटेगा, तो देश के हिंदू उसे कभी माफ नहीं करेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा, "यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदुओं को लूटने वाले लोग ही आज सत्ता में बैठे हैं। किसी भी लुटेरे से उसकी खुद की लूट की जांच करने के लिए नहीं कहा जा सकता। इसलिए यह जांच पूरी तरह निष्पक्ष रूप से होनी चाहिए।" काशी और मथुरा को लेकर जताई चिंताशिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने राजनीति में मशहूर नारे 'अयोध्या तो झांकी है, काशी-मथुरा अभी बाकी हैं' का जिक्र करते हुए गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अयोध्या के हालात देखकर अब उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि आगे चलकर काशी और मथुरा में क्या होगा। उद्धव ने कहा कि हम निडर, मासूम और देश से प्यार करने वाले हिंदू जरूर हैं,

## भारी बारिश से सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड से हाईवे बंद, केदारनाथ यात्रा में रुकावट, बहाली का काम जारी

**नई दिल्ली एजेंसी:** लगातार हो रही भारी बारिश ने उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग ज़िले में आम जनजीवन को प्रभावित किया है साथ ही चल रही चार धाम यात्रा पर भी असर पड़ा है। सोनप्रयाग के पास मुनकटिया में भूस्खलन के कारण केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ता बंद होने के बाद, मलबे को हटाने और प्रभावित हिस्से पर गाड़ियों की आवाजाही फिर से शुरू करने के लिए खउइ जैसी अर्थ-मूविंग मशीनें तैनात की गई हैं। ज़िला प्रशासन, ज़िला आपदा नियंत्रण कक्ष के जरिए स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और अधिकारियों को संवेदनशील जगहों पर चौबीसों घंटे चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। ज़िला आपदा प्रबंधन अधिकारी (डीडीएमओ) नंदन सिंह रजवार ने कहा कि सड़क कुछ समय के लिए बंद होने के बावजूद केदारनाथ यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रभावित हिस्से को जल्द ही फिर से खोल दिया जाएगा।

न्होंने कहा,केदारनाथ यात्रा भी सुचारू रूप से चल रही है। गौरीकुंड



के पास मुनखटिया में सड़क बंद है। जहां खउइ काम कर रही है और वह रास्ता भी जल्द ही खुल जाएगा। यात्रा मार्ग पर हमारे सेक्टर अधिकारी, अन्य कर्मचारी और टीम में शामिल लोग भी लगातार नजर रखे हुए हैं, ताकि अगर कहीं कोई ऐसी स्थिति पैदा हो, तो वे तुरंत तीर्थयात्रियों की मदद के लिए और उनकी यात्रा को सुचारू रूप से चलाने के लिए तैयार रहें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया है कि जो लोग अपनी जगहों और यात्रा क्षेत्रों में हैं, और जिन्हें ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, वे भी सतर्क रहें। प्रशासन ने तीर्थयात्रियों और स्थानीय निवासियों को सलाह दी है कि वे भारी बारिश के दौरान सतर्क रहें, सुरक्षित जगहों पर रहें, बिना जरूरत के बाहर न निकलें और अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। वहीं, पड़ोसी टिहरी गढ़वाल ज़िले में मसूरी मोड़ (कैम्प्टी) के पास मलबा गिरने के बाद नैनबाग रूट पर ट्रैफि क को कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। टिहरी पुलिस के अनुसार, जेसीबी मशीनों को काम पर लगाया गया है और वाहनों की आवाजाही जल्द से जल्द बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर मलबा हटाने का काम किया जा रहा है।

## 'वृक्ष मित्र' बनकर देश को बनाएं हरा-भरा, कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने लॉन्च किया मेगा-प्लान

**नई दिल्ली एजेंसी:** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरित भविष्य के निर्माण के लिए देश में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान शुरू करने का रविवार को आह्वान किया है। नयी दिल्ली स्थित पूसा परिसर में आयोजित पर्यावरण संरक्षण संकल्प और वृक्ष मित्र संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि प्रत्येक परिवार को जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, बच्चों के जन्म और दिवंगत माता-पिता की स्मृति जैसे अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए। इससे हर व्यक्तिगत अवसर को वृक्ष उत्सव में बदला जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक वृक्ष मित्र से हर साल कम से कम एक पेड़ लगाने और पांच अन्य लोगों को इस अभियान से जोड़ने की अपील की। चौहान ने कहा कि प्रतिभागी सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिबद्धता साझा करें, ताकि 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या तक देशभर में एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा सके।

मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को एक संगठित जन अभियान का स्वरूप देने के लिए व्यापक कार्ययोजना भी जारी की। यह योजना वृक्ष मित्रों के साथ हुई बातचीत और उनके सुझावों के आधार पर तैयार की गई है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्री ने राष्ट्रीय, राज्य, जिला, खंड और ग्राम स्तर पर वृक्ष मित्र परिवार समितियों के गठन का प्रस्ताव रखा, ताकि इस अभियान को संस्थागत ढांचा मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री अवास योजना, लखपति दीदी योजना और कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत होने वाले कार्यक्रमों में पौधा रोपण को शामिल किए जाने की बात कही।

## गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में शुरू किया वृक्षारोपण कार्यक्रम, 405 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ


**नई दिल्ली एजेंसी:** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में मिशन फाइव मिलियन ट्रीज के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान, उन्होंने करीब 405 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। अहमदाबाद महानगर निगम की ओर से मिशन फाइव मिलियन ट्री के तहत विज्ञान भवन, साइंस सिटी, सोला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंच पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अमित शाह ने 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया। इसके अलावा अहमदाबाद नगर निगम, औडा और सड़क व भवन विभाग की लगभग



405 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, अहमदाबाद के मेयर हितेश बारोट, राज्य सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक, नगर निगम के पदाधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। 9 लाख 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए अहमदाबाद नगर निगम की ओर से विकसित 101 ऑक्सीजन पार्कों में लगभग 9 लाख 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें से 62 पार्क गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जहां लगभग 16 लाख पौधों का रोपण किया गया है। इन पार्कों से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ेगा, वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, प्रदूषण और शहरी गर्मी कम होगी तथा नागरिकों को योग, वॉक और मनोरंजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होंगे। इन ऑक्सीजन पार्कों में 45 पार्कों में बच्चों के लिए प्ले एरिया और 19 पार्कों में खेलकूद की सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। साथ ही वर्षा जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज और जैव विविधता को बढ़ावा देने में भी ये पार्क महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# राम मंदिर चंदा घोटाला: केजरीवाल ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान, मांगा हिसाब

**नई दिल्ली एजेंसी:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अयोध्या के राम मंदिर में हुई कथित चंदा चोरी के मामले को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि इस चोरी के मामले में शामिल बड़े लोगों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है। देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान इस मुद्दे को लेकर अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क से आम आदमी पार्टी के एक बड़े देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। इस कार्यक्रम की शुरूआत सुंदरकांड के पाठ से की गई। इस मौके पर अरविंद केजरीवाल के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे। अरविंद केजरीवाल ने कहा, चोरों को बचाने की हो रही कोशिश जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने प्रधानमंत्री पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "देश के लोगों को यह उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री किसी भी चोर को नहीं बख्शेंगे और उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे। लेकिन पिछले कुछ




दिनों में जो कुछ भी हुआ है, उससे ऐसा साफ लग रहा है कि चोरों और डकैतों को बचाने की कोशिशें की जा रही हैं।" एसआईटी और एफआईआर को बताया नकली केजरीवाल ने आगे आरोप लगाया कि अयोध्या में जमीन के कथित घोटाले या मंदिर निर्माण के काम में हुए कमीशन के खेल की कोई असली जांच नहीं की गई। उन्होंने सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस

*आम आदमी पार्टी ने अयोध्या राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के खिलाफ देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है, जिसका नेतृत्व अरविंद केजरीवाल कर रहे हैं। केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर दोषियों को बचाने के लिए नकली एसआईटी जांच और प्राथमिकी का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस घटना से राम भक्तों की आस्था को ठेस पहुंची है।*

मामले में बनाई गई एसआईटी और दर्ज की गई एफआईआर महज एक दिखावा है, ताकि असली जिम्मेदार लोगों को बचाया जा सके। उन्होंने दावा किया, "जमीन घोटाले और मंदिर निर्माण के काम में जो कमीशनखोरी हुई है, उसकी कोई जांच नहीं की जा रही है। चंदा चोरी की जो छोटी-मोटी जांच हुई, उसके लिए एक नकली एसआईटी बनाई गई और एक नकली एफआईआर दर्ज की गई। देश के लोगों को अब यह भरोसा नहीं रहा कि प्रधानमंत्री इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई करेंगे।" सीसीटीवी रिकॉर्डिंग हटाने का लगाया आरोप केजरीवाल ने अपने संबोधन में एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के भीतर 40 दिनों के अंदर चोरी की 70 घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सच को छुपाने के लिए वहां की आठ महीने पुरानी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को भी कथित रूप से डिलीट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम लगातार इस मामले में कार्रवाई की मांग करते रहे और हमें लगा कि केंद्र में बैठे लोग कुछ कदम उठाएंगे। लेकिन अब यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि वे कुछ नहीं करेंगे, क्योंकि इस मामले में उनकी अपनी पार्टी और उनसे जुड़े संगठनों के लोग शामिल हैं। आज पूरा सरकारी सिस्टम चोरों को बचाने में लगा हुआ है।

# संपादकीय

## परमाणु बम बनाएगा ईरान!

युद्ध का तनाव इतना बढ़ चुका है कि ईरान परमाणु बम बनाने की सोचने लगा है। वह परमाणु अप्रसार सन्धि (एनपीटी) से भी बाहर आ सकता है। फिलहाल ऐसी संभावनाएं और आशंकाएं जताई जा रही हैं, लेकिन रक्षा विशेषज्ञ इन्हें ही परमाणु बम बनाने का आधार मान रहे हैं। रूस ने भी कई बार बयान दिया है कि हालात ईरान को एटम बम बनाने को बाध्य कर रहे हैं। इस संदर्भ में रक्षा विशेषज्ञ ईरान की तुलना उत्तर कोरिया से कर रहे हैं। उत्तर कोरिया 1985 में एनपीटी का सदस्य था। फिर भी उसने रहस्यमयी परमाणु परीक्षण किए और छोटे-छोटे बम भी बना लिए। उसने 2003 में एनपीटी को छोड़ दिया। आज वह सरेआम विनाशक मिसाइलों के परीक्षण कर रहा है। उसके पास कितने परमाणु बम हैं, उसका सत्यापित हिसाब किसी के पास भी नहीं है, लेकिन अमरीका और यूरोपीय देश उससे आशंकित रहते हैं। क्या ईरान युद्ध ऐसे मुकाम पर पहुंच गया है कि ईरान ह्यउत्तर कोरियाह्न बन सकता है? वैसे ईरान के पास करीब 440 किग्रा. संवर्धित यूरेनियम बताया जाता है। यह संवर्धन 60 फीसदी से अधिक है, जिससे छोटे एटम बम बनाए जा सकते हैं! जब तक अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ईरान के परमाणु कार्यक्रम का निरीक्षण कर रही थी, उसके आधार पर अब भी आकलन किए जा रहे हैं कि ईरान ने परमाणु बम नहीं बनाया है। दिवंगत सुप्रीम लीडर खामेनेई भी घोषित रूप से परमाणु बम बनाने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन मौजूदा सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई की इस बाबत सोच अभी तक अस्पष्ट है। ईरान के सबसे बड़े और प्रमुख परमाणु केंद्र ह्यनतांजह्न सहित फोर्डो और इस्फहान परमाणु केंद्रों में यूरेनियम संवर्धन अब भी जारी है, ऐसी खबरें आती रही हैं। ये जमीन के बहुत नीचे और सुरक्षित परमाणु केंद्र हैं, जिन्हें अमरीका और इजरायल अभी तक नष्ट करने में नाकाम रहे हैं। अमरीकी सेना ने जिस बुशहर परमाणु प्लांट के निकट अभी हवाई हमले, बम विस्फोट किए हैं, वह ईरान का एकमात्र सक्रिय परमाणु बिजलीघर है। इस 1000 मेगावाट के संयंत्र को जर्मनी ने बनाना शुरू किया था, लेकिन वह अधूरा छोड़ कर भाग गया। फिर रूस ने इसे अंतिम रूप दिया। यह ईरान का सर्वाधिक संवेदनशील परमाणु प्लांट है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बिजली संयंत्रों और महत्वपूर्ण पुलों पर हमले करने का ऐलान किया है। बीते गुरुवार को अमरीकी हमले में उन रेल पुलों को तबाह किया गया है, जो तेहरान और मशहद को जोड़ते हैं। मशहद में ही खामेनेई को सुपुर्द-ए-खाक किया गया है। अमरीकी हमलों में पहली बार चाबहार बंदरगाह के ट्रैफिक कंट्रोल टॉवर और आईआरजीसी के इमाम अली बेस को निशाना बनाया गया है। जाहिर है कि नुकसान भी हुआ है। इस बंदरगाह को विकसित करने में भारत ने भी 1400 करोड़ रुपए का निवेश कर रखा है, लिहाजा हमारा भी नुकसान हुआ है। बहरहाल बीते दिनों एक खबर आई थी कि बुशहर में ही करीब 2100 किग्रा. प्लूटोनियम का भंडार है।

### चिंतन-मनन

## प्रकाशस्रोत परमात्मा


परमात्मा या भगवान ही सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्रों जैसी प्रकाशमान वस्तुओं के प्रकाशस्रोत हैं। वैदिक साहित्य बताता है कि वैकुंठ राज्य में सूर्य या चन्द्रमा की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि वहां परमेश्वर का तेज विद्यमान है। भौतिक जगत में ब्रम्हज्योति या भगवान का आध्यात्मिक तेज भौतिक तत्वों से ढका रहता है। अतः हमें सूर्य, चन्द्र, बिजली आदि के प्रकाश की आवश्यकता पड़ती है। वैदिक साहित्य में स्पष्ट है कि भगवान आध्यात्मिक जगत (वैकुंठ लोक) में स्थित हैं। श्वेतातर उपनिषद में कहा गया है- आदित्यवर्ण तमसः परस्तात अर्थात वे सूर्य की भांति अत्यन्त तेजोमय हैं, लेकिन भौतिक जगत के अन्धकार से बहुत दूर हैं। उनका ज्ञान दिव्य है। वैदिक साहित्य पुष्टि करता है कि ब्रम्ह घनीभूत दिव्य ज्ञान है। जो वैकुंठ जाने का इच्छुक है, उसे परमेश्वर द्वारा ज्ञान प्रदान किया जाता है। एक वैदिक मंत्र है तं ह देवम आत्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुवै शरणामहं प्रपद्ये। अर्थात मुक्ति के इच्छुक मनुष्य को चाहिए कि वह भगवान की शरण में जाए। जहां तक चरम ज्ञान के लक्ष्य का सम्बन्ध है, वैदिक साहित्य से भी पुष्टि होती है-तमेव विदित्वाति मृत्युमेति यानी उन्हें जान लेने के बाद ही जन्म तथा मृत्यु की परिधि को लांघा जा सकता है।
वे प्रत्येक हृदय में परम नियन्ता के रूप में स्थित हैं। परमेश्वर के हाथ-पैर सर्वत्र फैले हैं लेकिन जीवात्मा के विषय में ऐसा नहीं कहा जा सकता। अतः मानना ही पड़ेगा कि कार्यक्षेत्र जानने वाले दो ज्ञाता हैं- एक जीवात्मा तथा दूसरा परमात्मा। पहले के हाथ-पैर किसी एक स्थान तक सीमित हैं जबकि कृष्ण के हाथ-पैर सर्वत्र फैले हैं। इसकी पुष्टि श्वेतातर उपनिषद में इस प्रकार हुई है। सर्वस्थ प्रभुमीशानं सर्वस्य शरणं बृहत यानी वह परमेश्वर या परमात्मा समस्त जीवों का स्वामी या प्रभु है। वह उन सबका चरम आश्रय है। अतः इस बात से मना नहीं किया जा सकता कि परमात्मा तथा जीवात्मा भिन्न हैं।

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

**9456884327/8218179552**

# नेतन्याहु के मकड़जाल में फंसकर फड़फड़ा रहे ट्रंप?



सनत जैन

28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान पर व्यापक हमले किए, जिसके बाद से पूरा मध्य पूर्व इस सैन्य संघर्ष की चपेट में आ गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था, एक सप्ताह के अंदर ईरान में सत्ता बदल जाएगी। मोसाद और इजराइल की नेतन्याहू सरकार ने जिस तरह से ईरान में सत्ता पलटने की कोशिश की थी, ईरान में आंदोलन बड़े पैमाने पर हो रहे थे। इसी बीच ईरान पर हमला किया गया। इजराइल और अमेरिका ने कभी सोचा भी नहीं था कि ईरान उन्हें इस तरह से जवाब देगा। अमेरिका और इजराइल की जो सबसे बड़ी गलती थी, उसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई सहित उनके परिवार के पांच सदस्यों की हत्या तथा स्कूल में किए गए हमले में 165 से ज्यादा बच्चियों की मौत ने युद्ध के सारे समीकरण बदल दिए। मोसाद, अमेरिका और इजराइल के खिलाफ ईरान की जनता भड़क गई। ईरान के रणनीतिकारों ने इसे अपने अस्तित्व का संकट मानकर जिस तरह से रूस और चीन के साथ-साथ होर्मूज स्टेट को अपना हथियार बनाया, उसने तमाम दावों को गलत साबित कर दिया। जिस तरह से मोसाद का सफाया ईरान से किया गया, अरब देशों में अमेरिका के जो सैन्य ठिकाने बने थे ईरान ने अपने जवाबी हमले में उन्हें नष्ट किया। इसकी कल्पना कभी भी अमेरिका और इजराइल ने नहीं की थी।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में जिस तरह का नरसंहार कर रहे थे, उनके ऊपर भ्रष्टाचार के भारी आरोप लगे हुए थे। नेतन्याहु ने स्वयं को बचाने के लिए जिस तरह से अमेरिका का उपयोग किया, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने मकडजाल में फंसाया, उसके बाद से अमेरिका बुरी तरह से फंसता चला गया। पिछले 4 महीने में अमेरिका ने तीन बार युद्ध से बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। हर बार इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कारण कोई भी बातचीत परिणाम तक नहीं पहुंच सकी है। अब तो यह साफ दिखने लगा है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इजराइल में कुछ महीने पश्चात चुनाव होने जा रहे हैं। अमेरिका के कुछ राज्यों में चुनाव अगले कुछ महीनो में होना है। दोनों ही नेताओं की लोकप्रियता में बड़ी तेजी के साथ कमी आई है और दोनों ही अपने अस्तित्व की लड़ाई को लड़ रहे हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपना आखिरी ब्रह्मास्त्र चल दिया है। इस ब्रह्मास्त्र में उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी हत्या का भय दिखाकर युद्ध के मैदान से भागने के स्थान पर डटकर मुकाबला करने की सलाह दी है। यह ब्रह्मास्त्र उन्होंने चला है, जिसका असर भी डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर होता हुआ नजर आया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह कथन कि उन्होंने 1000 मिसाइल ईरान की तरफ तैनात कर दी हैं, यदि उनकी हत्या होती है तो इसके लिए ईरान जिम्मेदार होगा और ऐसे में उसे पूरी तरफ खत्म कर दिया जाएगा। इसी तरह ईरान ने भी अमेरिका और इजराइल को चेतावनी दे दी है कि वह अपने सर्वोच्च नेता की हत्या का बदला लेंगे। अपराधियों की पूरी सूची उन्होंने तैयार कर रखी है। ईरान की जनता ने जिस तरह से इमाम हुसैन की शहादत का बदला लिया था ठीक उसी तरह का बदला इन हत्यारों से लेगी। जिसके कारण पश्चिम एशिया में एक बार फिर से युद्ध का संकट बढ़ गया है। ईरान और अमेरिका एक दूसरे के ऊपर लगातार हमले कर रहे हैं।



युद्ध विराम को लेकर जो एक शांति का वातावरण बनता हुआ दिख रहा था वह एक बार फिर अशांति की ओर परिवर्तित हो रहा है। यदि यह युद्ध हुआ तो सारी दुनिया के देशों पर इसका असर पड़ेगा। अंततः युद्ध कभी किसी समस्या का हल नहीं होता, इसके लिए शांति-वार्ता के साथ बीच का रास्ता निकालना ही समझदारी होगी।

# सात पुश्तों के लिए काली कमाई जोड़ कर बैठे हैं भ्रष्टाचारी अधिकारी!



मनोज कुमार अग्रवाल

देश में भ्रष्टाचार लाइलाज बीमारी बन रहा है जिससे आम आदमी को रोजाना दो चार होना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2025 के अनुसार, भारत 91वें स्थान पर है।इस सूची में 182 देशों को शामिल किया गया था, जिसमें भारत को 100 में से 39 अंक मिले हैं। 0 अंक का अर्थ अत्यधिक भ्रष्ट और 100 अंक का अर्थ पूर्णतः पारदर्शी या ईमानदार होता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत की स्थिति में पिछली रैंकिंग के मुकाबले पांच स्थानों का सुधार हुआ है।

आपको बता दें कि देश के सिस्टम से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के पास भ्रष्टाचार व पद का दुरुपयोग कर जमा की गयी अकूत चल अचल संपत्ति का भंडार है। भारत में भ्रष्टाचारी अधिकारियों की धर-पकड़ और उनसे अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त (राजसात) करने के लिए बेहद कड़े कानूनी प्रावधान और सक्रिय जांच एजेंसियां काम कर रही हैं। हाल ही में जुलाई 2026 में उत्तर प्रदेश विजिलेंस और कर्नाटक लोकायुक्त द्वारा की गई बड़ी छापेमारी इस बात का जीवंत उदाहरण हैं, जहां भ्रष्ट अधिकारियों के गुप्त लॉकरों से करोड़ों रुपये नकद और किलो के हिसाब से सोना बरामद किया गया है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश सतर्कता विभाग (विजिलेंस टीम) ने जुलाई 2026 में आगरा के पूर्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक बड़ी कार्रवाई की है। विजिलेंस टीम ने उनके लखनऊ स्थित अलीगंज आवास पर छापेमारी कर करीब रू.35 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति का खुलासा किया है, जिसके बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कानूनी जांच और कार्रवाई को तेज कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश सतर्कता विभाग की छापेमारी में उनके घर के कोने-कोने से भारी मात्रा में घर के विभिन्न हिस्सों में पैकेटों में छिपाकर रखे गए रू.1.62 करोड़ नकद मिले।लगभग 13 किलोग्राम सोना और 9 किलोग्राम चांदी (बिस्किट, बार और आभूषण के रूप में) जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब रू.20 करोड़ आंकी गई है। लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली में कई मकानों, भूखंडों (प्लॉट्स), फ्लैटों और कृषि भूमि से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत रू.13 करोड़ के आसपास है।बैंक खातों, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट और पोस्ट ऑफिस स्कीमों में रू.1 करोड़ से अधिक के निवेश के दस्तावेज मिले। इसके अलावा दो लग्जरी कारें इनोवा और आइ20 और एक रिवॉल्वर भी बरामद की गई है। रू.300 की घूस की शिकायत से खुला राज इस विशाल साम्राज्य का पदार्फाश साल 2020 में हुई एक छोटी सी शिकायत से शुरू हुआ था। ललित कुमार जब कानपुर में तैनात थे, तब उन पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए रू.300 की रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। तत्कालीन परिवहन आयुक्त की अनुमति के बाद एंटी-करप्शन और विजिलेंस विभाग ने उनकी गोपनीय जांच शुरू की, जिससे उनकी आय से अधिक संपत्ति के इस बड़े मामले की परतें खुलती चली गईं। ललित कुमार अक्टूबर 2025 में आगरा से सेवानिवृत्त (रिटायर्ड) हुए थे।

इस से छह दिन पूर्व 4 जुलाई को अकोला अकोला में हाल ही में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने किरण पुरुषोत्तम चौधरी सह-जिला निबंधक तथा मुद्रांक जिलाधिकारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की' उनके खिलाफ रू.10,000 रिश्वत लेने का मामला दर्ज होने के बाद उनके जलगांव स्थित आवास पर छापेमारी की गई, जहां से रू.2.94 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति बरामद हुई है' किरण पुरुषोत्तम चौधरी, तत्कालीन अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार और स्टाम्प ड्यूटी अधिकारी (श्रेणी-क), अकोला महारा एसीबी ने उन्हें 26 जून को ?10,000 की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था'बरामद की गई जलगांव स्थित घर पर छापेमारी कर रू.1.53 करोड़ से अधिक नकद रू.60 लाख के सोने के बिस्किट व आभूषण तथा अन्य कीमती धातुएं' लगभग रू.62 लाख की बेनामी संपत्ति के कागजात'लगभग रू.2.94 करोड़'यह जब्ती महाराष्ट्र के नासिक, अकोला और जलगांव की एसीबी टीमों द्वारा संयुक्त रूप से की गई है'

इसी सप्ताह तेलंगाना के हैदराबाद में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज में तैनात डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस संकीरेड्डी भीम रेड्डी को लगभग रू.300 करोड़ की अवैध बेनामी संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने अधिकारी के तेलंगाना और कर्नाटक स्थित कुल 16 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। शुरूआती जांच में करीब रू.300 करोड़ मूल्य की बेनामी संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं। अधिकारी के ठिकानों से 2 किलोग्राम सोने के आभूषण और 20 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है। छापेमारी के दौरान उनके घर से ?3.60 लाख और एक अन्य ठिकाने से रू.40 लाख कैश मिला। रिश्तेदारों और बेनामियों के नाम पर 50 एकड़ से अधिक कृषि भूमि, व्यावसायिक भूखंड, कई लग्जरी फ्लैट और आलीशान विला के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उनके बैंक खातों में लगभग रू.19.91 लाख जमा पाए गए हैं। भ्रष्ट आचरण और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में गिरफ्तारी के बाद एसीबी कोर्ट ने आरोपी डीएसपी भीम रेड्डी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में चंचलगुड़ा केंद्रीय जेल भेज दिया है।

25 फरवरी 2026 तीस हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए खनन विभाग के उप निदेशक देवव्रत महांति की गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की छापेमारी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।भुवनेश्वर स्थित उनके फ्लैट से 4 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई ।इसके अलावा, महांति के कार्यालय की दराज और उनके पास से 1.20 लाख रुपये नकद भुवनेश्वर के पहाल क्षेत्र में लगभग 2400 वर्गफुट में बना एक भव्य दो मंजिला मकान, करीब 130 ग्राम सोना जब्त किया है।

उधर 9 जून 2026 भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, तेलंगाना एंटी-करप्शन ब्यूरो ने रोड्स एंड बिल्डिंग्स विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ जे. मोहन नाइक और उनके रिश्तेदारों से जुड़ी कई प्रॉपर्टीज पर एक साथ छापे मारे। उन पर आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं ज्यादा संपत्ति जमा करने का आरोप है।

यह तलाशी हैदराबाद और राज्य के अन्य हिस्सों सहित लगभग 15 जगहों पर की गई। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान अधिकारियों को सोने के बिस्किट, गहने, चांदी की चीजें, कैश और प्रॉपर्टी से जुड़े कई दस्तावेज मिले हैं। शुरूआती अनुमानों के अनुसार, जांच के दायरे में आई कुल संपत्ति की मार्केट वैल्यू 100 करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकती है।

ये तो सिर्फ बानगी नमूना भर है देश भर में करीब एक सौ सरकारी कर्मचारी अधिकारीयों के कब्जे से आय से अधिक जुटाई गयी करोड़ों अरबों की संपति मिल रही है। एक एक अधिकारी ने सौ से तीन चार सौ करोड़ तक की अवैध संपत्ति जुटाने का काम किया है जिस से पता चल जाता है कि भ्रष्टाचार किस हद तक बढ़ गया है।

केन्द्र में भारतीय जनतापार्टी की सरकार केन्द्र और विभिन्न प्रदेशों में आयी, भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस का नारा तो रहा लेकिन स्थितियों में कोई विशेष अन्तर नहीं आया। इसके लिए सब कुछ डिजिटल आनलाइन करने की कवायद हुई वह चाहे टेंडर हो या अन्य जनउपयोगी सुविधाएं लेकिन राजस्व से लेकर कोई भी विभाग भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं है। डबल इंजन की सरकार भी इससे मुक्त नहीं कर पायी है। भ्रष्टाचार के बारे जारी होने वाली ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की 182 देशों की रिपोर्ट में भारत 91 वें स्थान पर है। यह संस्था सरकार संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार की स्थिति का आकलन करती है और उसके आधार पर रैंकिंग तय करती है।यदि इस रैंक को न भी मानें तो भी आम आदमी से लेकर खास आदमी तक इससे प्रभावित है।सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भ्रष्टाचार समाप्त होने के बजाय निरन्तर बढ़ता ही जा रहा है। सार्वजनिक जीवन में अब इसे रिश्वत , घूस के बजाय सुविधाशुल्क और प्रथा के रूप में अपनाया जा चुका हैं। सिर्फ जीरो टालरेंस का नारा देने से भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हो सकता है। निचले स्तर से लेकर उच्चस्तर पर कदम पर भ्रष्टाचार की विषबेल फैल रही हैं। पिछले दिनों एक हाइकोर्ट जज के आवास के कमरे में आग लगने पर नोटों से भरे बोरों का जलते देखा जाना और उस पर सटीक कारवाई नहीं किया जाने से पता चल जाता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार और यहां तक कि न्यायपालिका भी पर्याप्त गंभीर नहीं है। जाहिर है कि देश की उन्नति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए और आम चुनाव का मुद्दा भी भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग ही होना चाहिए क्योंकि पुलिस पटवारी से लेकर ऊंची न्याय की कुर्सियों तक भ्रष्टाचार की जड़ें देश को खोखला कर रहीं हैं और देश की तरक्की में बाधा उत्पन्न कर रहीं हैं।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# चेन्नई में बजेगा बिग बैश का बिगुल भारत ऑस्ट्रेलिया खेल साझेदारी का नया अध्याय

भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों में खेल कूटनीति का एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित टी-20 प्रतियोगिता बिग बैश लीग (बीबीएल) का उद्घाटन मुकाबला इस वर्ष 12 दिसंबर को चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। यह पहली बार होगा जब किसी विदेशी फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग का आधिकारिक मैच भारत की धरती पर आयोजित किया जाएगा। यह फैसला केवल क्रिकेट आयोजन भर नहीं बल्कि दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास आर्थिक सहयोग और खेल आधारित साझेदारी का प्रतीक माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे के अंतिम दिन ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पहुंचे। उनके साथ ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ और पूर्व महिला क्रिकेटर लिसा स्थालेकर भी मौजूद रहे। इसी मंच से दोनों नेताओं ने भारत ऑस्ट्रेलिया स्पोर्ट्स कोलैबोरेशन रोडमैप भी लॉन्च किया जिसके माध्यम से खेल विज्ञान खेल अवसंरचना खेल व्यापार पर्यटन निवेश और बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

बिग बैश लीग पिछले डेढ़ दशक से ऑस्ट्रेलिया की सबसे लोकप्रिय टी-20 प्रतियोगिता रही है। अब तक इसके सभी मुकाबले केवल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होते रहे हैं। ऐसे में चेन्नई में उद्घाटन मैच का आयोजन इस लीग के इतिहास का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय विस्तार माना जा रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का मानना है कि दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट बाजार भारत में कदम रखने से लीग को नई पहचान और व्यापक दर्शक वर्ग मिलेगा। भारतीय दर्शकों की क्रिकेट के प्रति दीवानगी और विशाल प्रसारण बाजार को देखते हुए यह फैसला व्यावसायिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

चेन्नई को इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए चुनना भी अपने आप में विशेष महत्व रखता है। चेपॉक स्टेडियम भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित मैदानों में गिना जाता है। यहां के दर्शक खेल भावना और क्रिकेट की गहरी समझ के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। ऐसे वातावरण में मेलबर्न रेनेगेड्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच उद्घाटन मुकाबला दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार अवसर बनेगा।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट केवल खेल नहीं बल्कि साझा जुनून है। उन्होंने कहा कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड हर भारतीय के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि इस मैदान से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कई ऐतिहासिक मुकाबलों की यादें जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि जब भी उनकी और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की मुलाकात होती है तब क्रिकेट दोनों नेताओं के बीच संवाद और मित्रता का माध्यम बन जाता है।

मोदी ने यह भी कहा कि भारत में किसी भी खेल लीग का आयोजन उसे करोड़ों दर्शकों तक पहुंचा देता है। यही कारण है कि दुनिया की कई खेल संस्थाएं भारत के विशाल खेल बाजार की ओर आकर्षित हो रही हैं। बिग बैश लीग का भारत आना इसी बदलते वैश्विक खेल परिदृश्य का प्रमाण है। इससे भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को विश्व स्तरीय विदेशी लीग का अनुभव अपने देश में मिलेगा जबकि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को भी नए व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे।

दोनों देशों ने खेलों को आर्थिक विकास और सांस्कृतिक सहयोग का महत्वपूर्ण माध्यम भी माना है। भारत जहां वर्ष 2030 में कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है वहीं वर्ष 2036 के ओलंपिक आयोजन की मेजबानी के लिए भी प्रयासरत है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया वर्ष 2032 के ब्रिस्बेन ओलंपिक की मेजबानी करेगा। ऐसे में खेल अवसंरचना प्रशिक्षण तकनीक और आयोजन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग दोनों देशों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की भी खुलकर सराहना की। उन्होंने स्टीव वॉ की मानसिक दृढ़ता और लिसा स्थालेकर के हरफनमौला प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि महान खिलाड़ी केवल प्रतिभा से नहीं बल्कि अनुशासन सही सोच और लगातार मेहनत से बनते हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से इन दिग्गजों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी इस घोषणा को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि पहली बार बिग बैश लीग ऑस्ट्रेलिया से बाहर आयोजित होगी और भारत इसका सबसे उपयुक्त स्थान है। उन्होंने कहा कि चेन्नई में होने वाला मुकाबला केवल क्रिकेट मैच नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया महोत्सव की शुरूआत भी होगा जिसमें खेल संस्कृति व्यापार और पर्यटन से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क और भी मजबूत होगा।

खेल सहयोग के साथ दोनों देशों ने आर्थिक और सामरिक संबंधों को भी नई गति दी है। प्रधानमंत्री मोदी और एंथनी अल्बनीज की बैठक में रक्षा व्यापार शिक्षा ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों सहित अनेक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत को ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम आपूर्ति संबंधी समझौते को भी आगे बढ़ाया गया। इसके अलावा कृषि और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर भी सकारात्मक बातचीत हुई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच कृषि उत्पादों पर शुल्क और व्यापार नियमों में संभावित बदलाव पर भी चर्चा की संभावना जताई जा रही है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद प्रधानमंत्री मोदी न्यूजीलैंड रवाना हो गए हैं।

न्यूजीलैंड यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री वहां की सरकार के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे और लगभग चालीस हजार भारतीय मूल के लोगों को संबोधित भी करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार निवेश शिक्षा कृषि और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा देना है। इससे पहले इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया की यात्राओं के दौरान भी भारत ने रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका का प्रभाव अब खेल जगत में भी स्पष्ट दिखाई देने लगा है। पहले जहां विदेशी खिलाड़ी केवल भारतीय प्रीमियर लीग में भाग लेने भारत आते थे वहीं अब विदेशी लीग भी भारत में अपने मुकाबले आयोजित करने के लिए उत्सुक हैं। यह भारत की खेल अर्थव्यवस्था मीडिया बाजार और दर्शकों की अपार शक्ति का परिणाम है। आने वाले वर्षों में यदि अन्य अंतरराष्ट्रीय लीग भी भारत में अपने मुकाबले आयोजित करती हैं तो इससे भारतीय खेल उद्योग को नई ऊंचाइयां मिल सकती हैं। चेन्नई में बिग बैश लीग का उद्घाटन मुकाबला केवल एक क्रिकेट मैच नहीं बल्कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्वास साझेदारी और साझा भविष्य की नई शुरूआत का प्रतीक है। यह आयोजन दोनों देशों के खेल संबंधों को नई दिशा देगा और यह संदेश भी देगा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि देशों को जोड़ने वाली सबसे प्रभावशाली कड़ी भी है। आने वाले समय में यह साझेदारी खेल संस्कृति व्यापार और जनसंपर्क के अनेक नए अवसरों का द्वार खोल सकती है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भदौरा में हुआ वृक्षारोपण

**अमरोहा (सब का सपना):-** पर्यावरण संरक्षण एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को बहुउद्देशीय सहकारी समिति भदौरा पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ ही मां को सम्मान देना भी है। उन्होंने संचालक मंडल एवं उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने-अपने जन्मदिन के




अवसर पर एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं और उसका पालन-पोषण भी करें। उन्होंने कहा कि पेड़ों के अत्यधिक कटान से मौसम चक्र अव्यवस्थित हो रहा है। इसके चलते अत्यधिक गर्मी, वर्षा में कमी एवं बेमौसम वर्षा जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। इन दुष्प्रभावों से बचने के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपसभापति समरपाल सिंह, करण सिंह, सभापति सहकारी संघ कुंदरकी भूड़, शाहनवाज चौधरी, नासिर चौधरी, सचिव सोनू कुमार, कंप्यूटर सहायक टिंकू कुमार, राम सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फेसबुक पर पेंसिल कंपनी का विज्ञापन दिखाकर 12920 की ठगी करने का मामला, एक गिरफ्तार

**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद की पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पेंसिल कंपनी का विज्ञापन दिखाकर कुछ लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है इस मामले में पुलिस द्वारा दंपति समेत चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं पुलिस द्वारा इस मामले में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है जिसको न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। बता दें कि इस मामले में जानकारी देते हुए मंडी धनौरा क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने बताया कि मध्य प्रदेश के सतना जिले की रीना शुक्ला ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। रीना ने बताया कि उन्होंने फेसबुक पर एक पेंसिल कंपनी का विज्ञापन देखा था।




संपर्क करने पर उन्हें व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताया और पेंसिल मंगवाने के नाम पर ऑनलाइन भुगतान करा लिया।इसके बाद, कोरियर कंपनी का कर्मचारी बनकर पार्सल डिलीवरी के नाम पर भी उनसे रुपये ऐंठे गए। इस तरह रीना शुक्ला से कुल 12,920 रुपये की साइबर ठगी की गई। मामले की जांच इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के प्रतिबिंब पोर्टल पर लंबित शिकायतों के सत्यापन के दौरान की गई। जांच कर रहे एसएसआई अभिलाष प्रधान ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। जांच में सामने आया कि व्हाट्सएप कॉल के लिए इस्तेमाल किया गया एक नंबर हाथरस जिले के लाला का नगला निवासी जाकिर के नाम पर था। जबकि दूसरा नंबर अमरोहा जिले के गजरौला थाना क्षेत्र के पपसरा खादर निवासी आशुद्दीन का मिला, जबकि तीसरा नंबर राजस्थान के भरतपुर जिले के डीग क्षेत्र निवासी रेशमा और उसके पति मुश्ताक से जुड़ा पाया गया।ठगी की रकम इन आरोपियों के बैंक खातों में पहुंचने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इस दौरान, आशुद्दीन को तिगरी गंगा तटबंध से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने साइबर ठगी की कई अन्य वारदातों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने उसके कब्जे से विभिन्न जिलों के लोगों के आधार कार्ड भी बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# मंडी धनौरा में पहचान छिपाकर साइबर ठगी का मामला, ठगी करने वाले एक युवक पर केस दर्ज

**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के मंडी धनौरा थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा अपनी पहचान छुपा कर साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है।बताया जा रहा है कि ऑनलाइन ठगी करने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पहचान छुपा कर रुपए मंगाए थे। इस मामले में थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का दुरुपयोग कर और अपनी पहचान छुपा कर ऑनलाइन ठगी करने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया है। बता दें कि इस मामले में पुलिस से




प्राप्त जानकारी के मुताबिक साजिद एक 'म्यूल खाताधारक' के रूप में काम कर रहा था। उसने साइबर ठगी के माध्यम से पीड़ितों से कुल 19,747 रुपये की धनराशि अपने बैंक खाते में हस्तांतरित करवाई थी। धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का गलत इस्तेमाल किया गया और पहचान छिपाई गई।मंडी धनौरा थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना निरीक्षक अपराध सतीश कुमार को सौंपी गई है। पुलिस अब इस ठगी में शामिल अन्य लोगों और म्यूल खाते के संचालन के स्रोत का पता लगा रही है।थाना प्रभारी ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे में आकर अपने बैंक खाते का विवरण साझा न करें।

# बेरोजगार युवाओं के लिए अमरोहा में 14 जुलाई को रोजगार मेले का होंगा आयोजन

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में बेरोजगार युवाओं को नौकरी के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नारायणी स्वरूप दया प्राइवेट आईटीआई, नारंगपुर जोया द्वारा 14 जुलाई 2026, मंगलवार को भव्य रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगा। रोजगार मेले में जनपद अमरोहा के साथ-साथ आसपास के जिलों एवं बाहरी राज्यों की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियां विभिन्न क्षेत्रों में आईटीआई, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिग्री,



डिप्लोमा तथा अन्य व्यावसायिक कोर्स उत्तीर्ण युवाओं का चयन करेंगी। मेले में औद्योगिक प्रशिक्षण, उत्पादन, सेवा क्षेत्र, तकनीकी एवं प्रबंधन संबंधी अनेक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चलेगी। नारायणी स्वरूप दया प्राइवेट आईटीआई के प्रबंधन ने बताया कि यह मेला युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर साबित होगा। इच्छुक अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों (मार्कशीट, प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, रिज्यूमे आदि) के साथ सुबह 10 बजे तक संस्थान परिसर में उपस्थित हो सकते हैं। मेले में निशुल्क पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यह आयोजन स्थानीय प्रशासन व उद्योग जगत के सहयोग से किया जा रहा है, जिससे युवाओं को बिना किसी मध्यस्थ के सीधे नियोक्ताओं से जुड़ने का मौका मिलेगा। प्रशासन ने भी युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं।

# ब्लू बर्ड्स स्कूल की प्रधानाचार्या शैली गांधी को किया गया सम्मानित






**मंडी धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या शैली गांधी को लायन्स ओलंपियाड फाउंडेशन के तत्वावधान में लायन्स क्लब धनौरा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें शिक्षा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत शिक्षा रत्न गोल्डन मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही शिक्षाविद संध्या गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन डॉ. एमपी शर्मा ने कहा कि समर्पित शिक्षकों और प्रधानाचार्यों का सम्मान समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करता है। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को गोल्डन मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्लब अध्यक्ष लायन पवन गुप्ता ने कहा कि समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना संस्था की परंपरा है। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानाचार्या शैली गांधी के नेतृत्व में ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रधानाचार्या शैली गांधी ने लायन्स ओलंपियाड फाउंडेशन एवं लायन्स क्लब धनौरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन सुधा शर्मा, एमजेएफ लायन डॉ. एमपी शर्मा, अंकुर गौरव, विद्यालय प्रबंधक राहुल अग्रवाल, निर्देशिका राखी अग्रवाल, सचिन धारीवाल, अमितेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# आगामी कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के दृष्टिगत जिले में लगे 3126 CCTV कैमरे

*30 जुलाई से शुरू होगी कांवड़ यात्रा, बृजघाट से डिडौली तक यात्रा मार्ग की एडीजी ने परखीं व्यवस्थाएं*





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में शुरू होने वाली आगामी श्रावण मास की कावड़ यात्रा को लेकर शासन प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। जिसको सकुशल संपन्न कराने हेतु शासन प्रशासन के उच्च अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर परख रहे हैं। कावड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन एवं जॉन स्तर तक के उच्च अधिकारी लगातार यात्रा मार्गों का और हाईवे का निरीक्षण कर रहे हैं। बता दें कि श्रावण मास की कावड़ यात्रा आने वाले 30 जुलाई 2026 को शुरू होने जा रही है। जिसकी सुरक्षा व्यवस्थाओं हेतु जिला प्रशासन और जॉन स्तर तक के उच्च अधिकारी अलर्ट मोड पर है जिसके चलते शनिवार रात तक एडीजी रमित शर्मा ने जिले के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के जनपद के बृजघाट से लेकर डिडौली थाना क्षेत्र तक कावड़ यात्रा मार्गों एवं हाईवे का निरीक्षण किया।जिले की सुरक्षा व्यवस्था को चार सुपर जोन, 10 जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक सुपर जोन, जोन और सेक्टर के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती की गई है। प्रमुख मार्गों पर 41 बैरियर, 96 पिकेट और 144 अन्य ड्यूटी स्थल बनाए गए हैं, जहां पुलिस बल तैनात रहेगा। हाईवे पर 10 क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) भी तैनात की जाएंगी।एडीजी ने कांवड़ यात्रा के रूट का जायजा लिया और कांवड़ियों के आवागमन के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने डीआईजी और एसपी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बृजघाट गंगा घाट और तिगरी गंगा घाट का भी निरीक्षण किया।एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए जिले में कुल 3126 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनमें से 187 प्रमुख स्थानों पर 394 कैमरे मुख्य कांवड़ मार्गों की निगरानी करेंगे, जबकि हाईवे पर 46 स्थानों पर 114 सीसीटीवी कैमरे सक्रिय किए जा रहे हैं। अन्य कांवड़ मार्गों पर 141 स्थानों पर लगे 280 कैमरे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाएंगे। सभी कैमरों की निगरानी कंट्रोल रूम और संबंधित अधिकारियों द्वारा लगातार की जाएगी।कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की कमान एएसपी अखिलेश भदौरिया संभालेंगे। उनके निर्देशन में 5 पुलिस उपाधीक्षक, 12 थाना प्रभारी, 22 निरीक्षक और 154 उपनिरीक्षक विभिन्न मार्गों और संवेदनशील स्थलों पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा, 923 मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी (पुरुष), 105 महिला मुख्य आरक्षी एवं महिला आरक्षी तथा 125 होमगार्ड भी सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) की भी तैनाती की जाएगी।

# गजरौला हाईवे 9 पर रेलिंग में घुसी कार, एक की मौत, 5 घायल

**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद की गजरौला नेशनल हाईवे 9 पर रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर हाईवे पर लगी रेलिंग में जा घुसी। जिसमें कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 5 अन्य कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए बताया जा रहा है कि यह हादसा ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि नगर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 9 पर एक कार चालक को नींद की झप्पी आ गयी, जिसके बाद उसकी कार अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे



पर लगी रेलिंग से टकरा गयी जिससे रेलिंग कार की बॉडी को चीरती हुई उसमें सवार एक युवक के सीने के आर-पार हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, ओर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को गजरोला कोतवाली में खड़ा करा दिया है।इस मामले में जानकारी देते हुए गोंडा जनपद के परसपुर थाना क्षेत्र के गांव तेलहा निवासी शेषनाग पांडेय ने बताया कि वह अपने बेटे सोनू पाण्डेय उम्र 27 बर्ष,प्रिया पांडेय पत्नी सोनू, मनिषा पत्नी रामाशंकर पांडेय, दीवांश पुत्र रामाशंकर, आयूष पुत्र पवन कुमार, दिव्यांश पुत्र रामाशंकर पूरे परिवार के साथ गाजियाबाद सिविल लाइंस जा रहे थे। गजरोला कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे 9 पर हवेली होटल के पास चालक को नींद की झप्पी आने से उसकी कार अनियंत्रित हाइवे पर लगी रेलिंग से टकरा गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की रेलिंग कार का शीशा तोड़कर कन्डेक्टर साइड बैठे सोनू के सीने के आर - पार हो गयी। जिसके बाद सोनू की मौके पर ही मौत हो गयी।

ओर कार में बैठे सभी लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। ओर शव को कब्जे में लेकर पंचानामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कोतवाली गजरोला पर खड़ा करा दिया है। ओर अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी है। सोनू की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# 'वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान' के तहत नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा रविवार को 'वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान' के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को शुद्ध बनाना और हरियाली को बढ़ावा देना रहा। बता दें किकार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने सर्वप्रथम स्वयं पौधा रोपकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विधायक एवं नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह ने भी वृक्षारोपण किया। पालिका अध्यक्षा ने अपने संबोधन में कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और स्वच्छ पर्यावरण के लिए हर नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पूर्व विधायक / नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह ने स्वच्छता और पर्यावरण को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए नगर वासियों से पौधों की देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी पूर्व विधायक नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, लिपिक ललित कुमार लिपिक अजय कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर रविंद्र सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर दीपू कुमार, रवि सैनी, दीपक कुमार सहित अन्य कर्मचारी व नगर वासियों ने भी वृक्षारोपण किया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत चंदन कोटा गौशाला में विधायक ने रोपे पौधे






**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदन कोटा स्थित गौशाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने पौधा रोपित कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपनी मां और धरती मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए हम सभी को कम से कम एक-एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। विधायक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल भी करें। कार्यक्रम में डीएफओ अमरोहा राजीव कुमार, क्षेत्राधिकारी वन नरेश कुमार, डिप्टी रेंजर सुमित राठी, बीडीओ गंगेश्वरी विजय कुमार सक्सेना, जिला पंचायत सदस्य शीशराम सिंह जाटव, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पूर्ण सिंह खड़गवंशी, प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल प्रधान, ग्राम प्रधान चंदन कोटा कश्मीरी देवी, ग्राम प्रधान कोकापुर रतन सिंह, ग्राम प्रधान बिजनौर हेमराज सिंह गुर्जर, ग्राम प्रधान हुसैनपुर महेंद्र प्रजापति, ग्राम प्रधान दरियापुर हेतराम सिंह सहित आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र खड़गवंशी, प्रधानपुत्र गिरीश सिंह व वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण दिवस पर गौशाला में हुआ पौधारोपण, एक पौधा मां के नाम लगाने का लिया संकल्प



**नरौली/संभल (सब का सपना):-** वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर रविवार को नगर पंचायत नरौली स्थित गौशाला परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और हर व्यक्ति को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर पशु चिकित्सालय नरौली के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश पटेल के नेतृत्व में स्टाफ महेश चंद्र, मोहम्मद कमर खान, पैरावेट टिंकू कुमार राजोरिया तथा प्रीतम सिंह ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया। डॉ. अवधेश पटेल ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और घटते वन क्षेत्र पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी देखभाल भी करे। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री के एक पौधा मां के नाम अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाए और उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक बड़ा योगदान होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

# रेस्क्यू के दौरान कोबरा ने किया हमला, स्नेक एक्सपर्ट जाबुल हसन घायल

### डॉक्टरों की तत्परता से बची जान, समय पर इलाज की दी सीख



कोबरा सांप का रेस्क्यू करते हुए



सरकारी अस्पताल बहजोई में उपचार के दौरान

● जनवरी से अब तक सांप काटने के 50-60 मामले सामने आए हैं, जिनमें 99 प्रतिशत मरीज समय पर इलाज मिलने से पूरी तरह स्वस्थ हुए हैं। सांप काटने पर किसी भी प्रकार के अंधविश्वास या झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें, बल्कि बिना देरी किए निकटतम सरकारी अस्पताल पहुंचें। समय पर उपचार ही मरीज की जान बचा सकता है:- मनमोहन शर्मा उप मुख्य चिकित्साधिकारी बहजोई



बहजोई/संभल (सब का सपना):- जनपद के प्रसिद्ध स्नेक एक्सपर्ट जाबुल हसन शनिवार को कोबरा सांप का रेस्क्यू करते समय स्वयं हादसे का शिकार हो गए। थाना कैला देवी क्षेत्र के गांव नारंगपुर में एक घर से कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू करने के दौरान सांप ने उनके हाथ पर डस लिया। परिजनों की तत्परता और सरकारी अस्पताल बहजोई में समय पर मिले उपचार से उनकी जान बच गई। 36 वर्षीय जाबुल हसन पुत्र शराफत हुसैन निवासी ग्राम बवैना, थाना हयातनगर, पिछले कई वर्षों से

● अब तक वह करीब चार हजार से अधिक सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें जंगल में छोड़ चुका हूं। मेरा उद्देश्य इंसानों और सांपों, दोनों की जान बचाना है। मुझे अब तक पांच बार जहरीले सांप काट चुके हैं और हर बार समय पर सरकारी अस्पताल में इलाज मिलने से ही मेरी जान बची है। में यही कहना चाहता हूं कि सांप काटने पर किसी भी अंधविश्वास में न पड़ें, बल्कि तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचकर उपचार कराएं इसके सिवा कोई इलाज नहीं है:- जाबुल स्नेक सेवर



अपनी टीम के साथ प्रतिदिन दो से तीन स्थानों पर पहुंचकर घरों और आबादी वाले इलाकों से सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू करते हैं। इसके बाद उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है, जिससे लोगों की सुरक्षा के साथ-

● अंधेरे में बिना रोशनी के न चलें, घास-फूस वाले स्थानों पर सावधानी बरतें, घर में रखा सामान हटाने से पहले अच्छी तरह जांच लें तथा बिस्तर पर सोने से पहले उसे झाड़ लें। यदि फिर भी किसी व्यक्ति को सांप काट ले तो झाड़-फूंक या घरेलू उपचार के चक्कर में समय बर्बाद न करें, बल्कि तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचकर उपचार कराएं:- डॉ सचिन बर्मा चिकित्सक सीएचसी बहजोई



साथ वन्यजीव संरक्षण भी सुनिश्चित होता है। शनिवार को गांव नारंगपुर निवासी शिक्षक राजेश कुमार ने घर में कोबरा निकलने की सूचना दी। सूचना मिलते ही जाबुल हसन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक कोबरा को पकड़ लिया। लेकिन सांप को सुरक्षित थैले में रखते समय अचानक कोबरा ने उनके हाथ पर डस लिया। घटना के तुरंत बाद उनके भाई अली बारिश उन्हें सरकारी अस्पताल बहजोई लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने बिना देर किए एंटी स्नेक वेनम देकर उपचार शुरू किया, जिससे उनकी हालत स्थिर हो गई। चिकित्सकों के अनुसार यदि अस्पताल पहुंचने में देरी होती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

# आरसेटी बाजार में हस्तनिर्मित आभूषणों ने बटोरी सराहना





**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), सम्भल द्वारा आरसेटी परिसर, बहजोई में आरसेटी बाजार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संकाय संतोष कुमार के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके एवं वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रशिक्षुओं के द्वारा हस्तनिर्मित आभूषणों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। उनके उत्पादों को आगंतुकों द्वारा काफी पसंद किया गया। आरसेटी बाजार का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को अपने उत्पादों के विपणन का अवसर उपलब्ध कराना, बाजार की वर्तमान मांग एवं ग्राहकों की पसंद को समझने का व्यावहारिक अनुभव देना तथा नए व्यावसायिक संपर्क स्थापित करने में सहायता करना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आगंतुकों ने स्टॉलों का अवलोकन किया और स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की। प्रतिभागियों ने भी आयोजन को अपने व्यवसाय के विकास के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें ग्राहकों से सीधे संवाद करने, उनकी आवश्यकताओं को समझने तथा अपने उत्पादों में सुधार करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आरसेटी का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उपस्थित आगंतुकों ने भी आरसेटी, सम्भल की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# गांव में निकला पांच फीट का मगरमच्छ, वन विभाग व रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित पकड़ा



**गुन्नौर/संभल (सब का सपना):-** रविवार को जनपद की तहसील गुन्नौर क्षेत्र के गांव दौलतपुर में करीब पांच फीट लंबा मगरमच्छ निकल आने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर वन विभाग के दरोगा अमित कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग ने तत्काल स्नेक एवं वन्यजीव रेस्क्यू टीम के सदस्य जाबुल हसन और अली बारिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जाबुल हसन अपनी टीम के साथ गांव दौलतपुर पहुंचे और वन विभाग के सहयोग से सावधानीपूर्वक मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू किया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए, जिन्हें सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई। रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से नरोरा गंगा घाट ले गई, जहां उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने लोगों से अपील की कि किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर उसे पकड़ने या परेशान करने का प्रयास न करें, बल्कि तुरंत वन विभाग या अधिकृत रेस्क्यू टीम को सूचना दें, ताकि सुरक्षित तरीके से उसका रेस्क्यू किया जा सके।

# व्यापार मंडल युवा इकाई ने संगठन विस्तार और व्यापारी हितों को लेकर बनाई रणनीति



**चंदौसी/संभल (सब का सपना):-** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सीता रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा व्यापारियों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा कर आगामी रणनीति तय करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि व्यापारियों की सबसे बड़ी ताकत उनकी एकजुटता है। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार समय की आवश्यकता है, ताकि छोटे से छोटे व्यापारी तक व्यापार मंडल का सहयोग और संरक्षण पहुंच सके। इसके लिए शीघ्र ही विशेष सदस्यता अभियान चलाकर नए व्यापारियों को संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया, जिससे व्यापारियों की आवाज शासन और प्रशासन तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सके। जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ खड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन हमेशा उनके हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा। बैठक के अंत में उपस्थित व्यापारियों ने नगर अध्यक्ष के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में विमल वार्ष्णेय, सोनू वार्ष्णेय, पारस, मोनू वार्ष्णेय, मेहुल वार्ष्णेय, मनोज शर्मा, मनोज वार्ष्णेय, हीरालाल, दीपक गौतम सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत डीएवी स्कूल व सभी थानों में हुआ वृहद वृक्षारोपण





**संभल (सब का सपना):-** जनपद में रविवार को वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार, जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने डीएवी स्कूल, यारा फर्टिलाइजर परिसर में पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर अधिकारियों ने उपस्थित कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण देने की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद के सभी थाना, चौकी एवं पुलिस कार्यालयों में भी बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधे लगाकर जनपद को हरित एवं स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। हरित धरती समृद्ध कल, पर्यावरण संरक्षण हमारा कर्तव्य की भावना के साथ आयोजित इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन विस्तार किया



**चंदौसी/संभल (सब का सपना):-** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (राम पार्टी) की एक बैठक रविवार को बहजोई रोड स्थित सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आगामी वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन विस्तार एवं चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट प्रदीप मिश्रा ने की, जबकि संचालन संदीप चौहान ने किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी आशीष गुप्ता तूफानी ने कहा कि पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से संगठन का विस्तार किया जा रहा है और नवमनोनीत पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए कई नए पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गईं। साथ ही लगभग दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी की विचारधारा में विश्वास जताया। बैठक में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# चंदौसी में सपा की चुनावी बैठक, बूथ और सेक्टर प्रभारियों को सौंपी जिम्मेदारी



**चंदौसी/संभल (सब का सपना):-** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने चंदौसी विधानसभा क्षेत्र में अपनी संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। रविवार को देवरखेड़ा स्थित बालाजी धाम कैंप कार्यालय पर विधानसभा की उपविजेता एवं सपा नेत्री विमलेश कुमारी की अध्यक्षता में जोन एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क अभियान और नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने सहित चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। विमलेश कुमारी ने बताया कि चंदौसी विधानसभा के 417 बूथों को 32 सेक्टर और 7 जोन में विभाजित कर संगठनात्मक ढांचा तैयार किया गया है। सभी बूथों पर बूथ अध्यक्ष और बूथ समितियों का गठन पूरा हो चुका है, जिनमें पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) सामाजिक समीकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और जोन प्रभारी नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट संगठन को देंगे, जिससे बूथ स्तर की गतिविधियों की लगातार निगरानी हो सके। उन्होंने कार्यकताओं से भाजपा से अधिक मेहनत करने, जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने और समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में जोन एवं सेक्टर प्रभारियों को बूथ समितियों की नियमित बैठकें कराने, मतदाता संपर्क अभियान चलाने, नए मतदाताओं का पंजीकरण कराने और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। अंत में सभी कार्यकताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में चंदौसी सीट पर समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

बैठक में मुजम्मिल खान, जितेंद्र कुमार, वीरपाल यादव, अजय कश्यप, जफीर खान, राजीव गिरी, अरुण कुमार, प्रियांक दीक्षित, वैभव यादव, असलम कुरैशी, महावीर यादव, साजिद सैफी, हरिओम प्रजापति, रंजू राजपूत, दानिश, सत्यवीर यादव, स्नेहा सिंह, इंद्रजीत यादव, हाजी गुलाम मोहम्मद, अकरम कुरैशी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 350 बच्चों का परीक्षण, पेट व बुखार के मिले अधिक मरीज





**चंदौसी/संभल (सब का सपना):-** जनपद में साम्राट हॉस्पिटल की ओर से प्रत्येक माह आयोजित किए जाने वाले स्वास्थ्य शिविर के क्रम में शनिवार को पीएम श्री विद्यालय आटा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में जनरल सर्जन डॉ. शेखर वार्ष्णेय ने करीब 350 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान अधिकांश बच्चे पेट संबंधी समस्याओं और बुखार से पीड़ित पाए गए। डॉ. वार्ष्णेय ने बच्चों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए तथा बाहर का भोजन और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता अपनाने और संतुलित आहार लेने के लिए भी प्रेरित किया। शिविर में सभी बच्चों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया तथा उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। वहीं प्रतीक, सचिन बंसल, बृज किशोर, गुनगुन एवं मनोज ने भी शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 16 जुलाई को विकास भवन और एसपी कार्यालय घेरने की चेतावनी, राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन ने आंदोलन की रणनीति बनाई

**बिजनौर (सब का सपना):-** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन ने दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान में कथित प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में अपना प्रस्तावित आंदोलन 13 जुलाई के स्थान पर अब 16 जुलाई को आयोजित करने की घोषणा की है। संगठन ने कहा है कि यदि दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं और अन्य जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 16 जुलाई को विकास भवन तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। बुढ़नपुर स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.आर. पाशा ने कहा कि अधिकारियों का रवैया लगातार असंवेदनशील बना हुआ है, जिसके चलते दिव्यांगजन अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा



कि प्रशासन के समक्ष कई बार मांगें उठाई गईं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण अब आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

एम.आर. पाशा ने बताया कि 16 जुलाई को सुबह 9 बजे विकास भवन, बिजनौर में बड़ी संख्या में दिव्यांग, वृद्ध, विधवा महिलाएं, युवा एवं अन्य जरूरतमंद एकत्र होकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विभागों में दिव्यांगों के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार किया जाता है और उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। उन्होंने अधिकारियों से कार्यशैली में सुधार लाने तथा दिव्यांगजनों के प्रति सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार अपनाने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता मास्टर अफजाल ने तथा संचालन शाहे आलम ने किया। बैठक में मास्टर हिरदेश कुमार, दीपक कुमार, जैकी सैनी, मोहम्मद आजम, मोहम्मद इकराम ठेकेदार, बाबू, नसीम, मास्टर शहजाद, नकुल कुमार, सुशील कुमार, जीवन अग्रवाल, तिलकराम, विजय कुमार, लाल सिंह, नौशाद, सद्दाम, गुरबचन सिंह सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एम.आर. पाशा ने आरोप लगाया कि जनपद के विभिन्न थानों में दिव्यांगों की शिकायतों पर अपेक्षित सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस विभाग का रवैया नहीं बदला तो 16 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी घेराव किया जाएगा। संगठन ने चेतावनी दी कि दिव्यांगों के उत्पीड़न और उपेक्षा के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर में हुआ वृहद वृक्षारोपण

**बिजनौर (सब का सपना):-** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निदेर्शानुसार जनपद न्यायालय परिसर, बिजनौर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल (उच्च न्यायालय, इलाहाबाद) ने रुद्राक्ष एवं बरगद के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाकर उसकी देखभाल करनी



चाहिए। उन्होंने वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने तथा पौधों के संरक्षण का भी आह्वान किया। जनपद न्यायाधीश संजय कुमार सप्तम ने सिंदूर का पौधा लगाकर अभियान में सहभागिता की। इसके साथ ही न्यायालय परिसर में उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में एडीजे प्रथम प्रशांत मित्तल, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय कुमार सिंह, अपर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो न्यायालय लोकेश नागर, अपर जनपद न्यायाधीश कमल दीप एवं शहजाद अली, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) नीतेश सिन्हा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम नरेंद्र कुमार, अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) शांतनु त्यागी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाति चंद्रा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय आशीष थिरानिया, अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मयंक सिंह, सिविल जज (जूनियर डिवीजन-एफटीसी) विशाल शर्मा, चीफ डिफेंस काउंसिल प्रवीण देशवाल, वन विभाग के अधिकारी, वन दरोगा तथा न्यायालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम

**नूरपुर/बिजनौर (सब का सपना):-** भारतीय जनता पार्टी नूरपुर के कार्यकर्ताओ ने नगर के सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर स्कुल मे "एक पेड मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर रविवार को मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने सभी नगरवासियो से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने खेत,घर आंगन, विद्यालय, संस्थान अथवा उपलब्ध भूमि पर कम से कम तीन पौधे अवश्य लगाये तथा उनकी नियमित देखभाल करे। वृक्ष बडे होकर हमे



शुद्ध हवा,छाया,फल एवं संतुलित पर्यावरण प्रदान करते हैं तथा शुद्ध ऑक्सीजन हमको वृक्षों से ही मिलती है। वृक्षों का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है इससे मौसम का संतुलन बना रहता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, नगर महामंत्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार, चौधरी इसमपाल सिंह,सुधीर चौहान,उपाध्यक्ष जीतू भुईयार,प्रदीप कुमार राणा,प्रमोहन चौहान,गजेन्द्र सैनी,शक्तिकेंद्र संयोजक हितेंद्र सिंह,उमेश पाल चक्की वाले,मंडल मंत्री राहुल यादव,विनोद वाल्मिकी, सुरेंद्र पाल,डा. शीला राणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर व क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं, स्कूल, कॉलेज तथा किसान भाइयों ने भी वृक्षारोपण किया।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बिजनौर में 66 लाख से अधिक पौधों का रोपण

## *विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने किया शुभारंभ, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश*





**बिजनौर (सब का सपना):-** मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं प्रधानमंत्री के आह्वान पर संचालित 'एक पेड़ मां के नाम' थीम आधारित बृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत शनिवार को जनपद बिजनौर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया। मुख्य जनपदीय कार्यक्रम महात्मा विदुर स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ, जहां उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज सभागार में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जबकि श्रीमती शुचि शर्मा ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि बिजनौर महात्मा विदुर की पुण्यभूमि है और यहां के प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और संरक्षण का संदेश देता है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति को मां का स्वरूप माना गया है और अनेक वृक्ष हमारी आस्था एवं परंपरा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की आवश्यकता है। वृक्ष वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं तथा स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है।

जनपद के वृक्षारोपण अभियान के नोडल अधिकारी एवं आयुक्त निबंधन एवं सहकारिता योगेश कुमार ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत छाया वन, अविरल वन, कपि वन, ऊर्जावन, समरसता वन और समृद्धि वन जैसी अवधारणाओं पर विशेष कार्य किया जा रहा है, जिससे वनाच्छादन बढ़ेगा और पर्यावरण संतुलन मजबूत होगा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही हरित बिजनौर का लक्ष्य सफल हो सकेगा। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक जनपद बिजनौर में लगभग 6 करोड़ पौधों का रोपण किया जा चुका है। इस वर्ष अभियान के अंतर्गत एक ही दिन में 66 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि वन विभाग की 29 नर्सरियों से आमजन को निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा प्रेरणादायक वीडियो का प्रदर्शन किया गया। अंत में कैबिनेट मंत्री ने छात्राओं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पौधे वितरित कर सभी से पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीसीजीआर बी. यादव, प्रभागीय निदेशक वानिकी जय सिंह कुशवाहा, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# मंडावली थाना प्रभारी के खिलाफ पत्रकारों का फूटा आक्रोश, कार्रवाई न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**बिजनौर (सब का सपना):-** जनपद के थाना मंडावली के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा एक पत्रकार के साथ कथित अभद्र व्यवहार तथा हवालात में डालने की धमकी से जुड़े वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना को लेकर जनपद बिजनौर के विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकारों ने इसे प्रेस की गरिमा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इसी क्रम में रविवार को नजीबाबाद ब्लॉक परिसर स्थित डबाकरा हॉल में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों



पत्रकारों ने भाग लिया और घटना पर गहन चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से आगे की रणनीति तय की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 जुलाई 2026 को क्षेत्राधिकारी (सीओ) नजीबाबाद को पुलिस अधीक्षक के नाम तथा उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नजीबाबाद के माध्यम से जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से थाना प्रभारी मंडावली राकेश कुमार के विरुद्ध उचित एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि यदि दो दिनों के भीतर थाना प्रभारी मंडावली का स्थानांतरण अथवा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो समस्त पत्रकार संगठन थाना मंडावली के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे पत्रकार समाज के सम्मान और स्वतंत्र पत्रकारिता से जुड़ा विषय है, जिस पर सभी एकजुट हैं। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जैन ने की, जबकि संचालन शहजाद मलिक ने किया। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि पत्रकारों के सम्मान एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

# तीस वर्षीय युवक का शव फांसी पर लटका मिला, बुजुर्ग मां के साथ रहता था घर

**बिजनौर (सब का सपना):-** जनपद बिजनौर के थाना धामपुर क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक का शव उसके घर के कमरे में पंखे से फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मोहल्ला बाड़वान निवासी 30 वर्षीय विशाल वर्मा के रूप में हुई है। विशाल वर्मा शनिवार रात करीब 9 बजे घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। जब उसकी



बुजुर्ग मां ने उसे आवाज दी और वह बाहर नहीं आया, तो उन्होंने खिड़की से देखा। विशाल पंखे से लटका हुआ दिखाई दिया। मां के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने जांच-पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक विशाल अपने पिता सतीश वर्मा की मृत्यु के बाद से अपनी बुजुर्ग मां के साथ घर में रहता था। उसका एक छोटा भाई बाहर रहता है।

पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। मामले की कई पहलुओं से जांच शुरू की। धामपुर के सीओ अंजनी कुमार ने बताया युवक डिप्रेशन में चल रहा था। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।

# मंदिर से चोरी , शिवलिंग ही ले उड़े चोर

**केशोपुर सठला/बुलंदशहर (सब का सपना):-** दिलीप गढ़ी में मेन रोड पर स्थित चामंड माता का प्राचीन मंदिर है कस्बा निवासियों ने आपसी सहयोग से वहां कई मंदिरों का निर्माण कराया था जिसमें से महादेव का भी मंदिर है जिसमें दिलीप गढ़ी के नागरिकों द्वारा ओंकारेश्वर महादेव जाकर नर्मदेश्वर शिव लिंग को विधिविधान से लाया गया और स्थापित किया गया। मंदिर पर हर वर्ष भंडारा भी कराया जाता है, और महीने में श्रद्धालु भी भंडारों का आयोजन कराते रहते हैं। प्रातः जब साढ़े तीन बजे श्रद्धालु मंदिर पर साफ सफाई करने को गए तो महादेव के मंदिर को खोलते ही देखा की महादेव की पिंडी गायब थी सूचना पाकर हजारों ग्रामीण और महिलाएं एकत्र हो गए और मौके पर सीओ सर्किल,बीबीनगर पुलिस पहुंच गए। बताते चलें कि इस मंदिर से 21,21 किलो के घंटे तीन बार चोरी जा चुके



हैं जिनका पता आज तक बीबीनगर पुलिस नहीं लगा पाई है। बीते दिनों शिवालय मंदिर केशोपुर सठला से दानपात्र तोड़कर चोरों द्वारा हाथ साफ किया जा चुका है जिसकी सीसी टीवी फुटेज भी थी परंतु अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया। वैसे तो दिन के समय में हर चौराहे पर 6से8 की संख्या में पुलिस कर्मी तैनात देखे जा सकते हैं और वाहनों के चालान करते दिखाई दे जाएंगे परन्तु रात्री की इन घटनाओं को कौन रोकेगा देखने वाली बात है। उपरोक्त घटना पर नागरिकों में आक्रोश का माहौल है महिलाओं ने तो अनूठी पहल करते हुए मंदिर पर कीर्तन भी किया। नागरिकों का कहना है कि यदि घटना का खुलासा नहीं होता है तो मुख्यमंत्री के नाम से शीघ्र एक ज्ञापन डीएम बुलंदशहर को दिया जाएगा। इस दौरान पर
अंश गौड़ पेटी ऑफिसर भारतीय नौसेना, प्रमोद वकील साहब, राजकुमार, अजय कुमार, कृष्ण,राजू, भगवत, वीरपाल, ओमेंद्र,संजय, प्रमोद, जवाहर, जितेंद्र,पंकज,रोहित, ब्रह्मानंद ,दिनेश,सोनी, निहाल, योगेश, तीसो, दुष्यंत, गोपाल, चन्ना, महेश, राकेश, विजय, नरेश, सुरेश, राजवीर,धर्मपाल, किशन यशिका, मानसी, सोनाक्षी, आंचल, सानिया ,सोनम, रजनी, राजवती, सुमन, पिंकी, रेनू , सीमा मीनाक्षी, निधि सहित कस्बा निवासी उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट न्यायमूर्ति के समक्ष जिला बार एसोसिएशन ने रखीं अधिवक्ताओं की समस्याएं

**बिजनौर (सब का सपना):-** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण देवपाल के बिजनौर आगमन पर जिला बार एसोसिएशन ने उनका स्वागत किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष तथा अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला बार एसोसिएशन ने न्यायमूर्ति के समक्ष अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार एडवोकेट ने बार भवन के शीघ्र निर्माण, न्यायालय परिसर में जज कॉलोनी की शाखा स्थापित किए



जाने तथा न्यायिक कार्यों में आ रही तकनीकी बाधाओं के समाधान की मांग की। इस पर न्यायमूर्ति ने आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में उच्च न्यायालय में ई-फाइलिंग एवं जमानत प्रार्थना पत्रों की ऑनलाइन व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। न्यायमूर्ति अरुण देवपाल ने बताया कि अधिवक्ता समुचित पंजीकरण के बाद स्वयं भी ई-फाइलिंग की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जिला बार एसोसिएशन ने बिजनौर में उच्च न्यायालय की एक स्थायी पीठ स्थापित करने की मांग भी उठाई। अधिवक्ताओं का कहना था कि मुकदमों के त्वरित निस्तारण और वादकारियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त उच्च न्यायालय की स्थापना आवश्यक है। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष यशपाल सिंह, एस. के. बबली, निरंकार सिंह, अजीत पवार, सत्य प्रकाश, अशोक सिंह, राजेन्द्र सिंह टिकट, संजय शर्मा, विवेक चौधरी, संदीप कुमार, तुषार कुमार, कविता चौधरी, संगीता तथा अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# एक पेड मॉ के नाम के तहत पेड लगाकर दिया हरियाली का संदेश

**डिबाई/बुलंदशहर (सब का सपना):-** वृक्ष ही जीवन का आधार हैं, आइए प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभाएं।

वृक्षारोपण के इस महायज्ञ - 2026 के अंतर्गत रेन्ज डिबाई (सामाजिक वानिकी प्रभाग, बुलन्दशहर) द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर डिबाई विधायक सीपी सिंह लोधी की मौजूदगी में पौधारोपण



किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी 35 करोड़ पौधारोपण के महाअभियान को जन-जन का अभियान बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। आइए, अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर हरित, स्वच्छ एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपना योगदान दें।

## उ.प्र. होमगार्ड द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह ने किया पौधरोपण



**हसनपुर (सब का सपना):-** विधानसभा 42 हसनपुर के ग्राम रहरा स्थित थाना परिसर में उत्तर प्रदेश होमगार्ड द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी राजेंद्र सिंह खड़कवंशी ने सहभागिता कर वृक्ष लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वातावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उनका संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर हरियाली बढ़ाने और प्रकृति को संवारने का संकल्प लें। वृक्ष ही जीवन है, अपने जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगाएं।

## चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान लाकर कल्पना ने बढ़ाया जिले का मान

**बुगरासी/बुलंदशहर (सब का सपना):-** जनपद के बुगरासी क्षेत्र के गांव बुकलाना की होनहार बेटी कल्पना राज आनंद ने अपनी प्रतिभा के दम पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। कल्पना राज आनंद ने आरजी पीजी कॉलेज, मेरठ से ड्राइंग एंड पेंटिंग (विजुअल आर्ट) विषय में अध्ययन करते हुए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की परीक्षा में तृतीय स्थान हासिल किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा मेडल एवं डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कल्पना के जीवन का सफर संघर्षों से भरा रहा। बचपन में ही उनके पिता स्वर्गीय आनंद रघुराज का निधन हो गया था। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कठिन परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में हर्ष का वातावरण है। कल्पना ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय परिवार के सदस्यों और गुरुजनों के मार्गदर्शन एवं सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि उनका सपना आगे चलकर प्रोफेसर बनकर कला के क्षेत्र में विद्यार्थियों को शिक्षित करना है। साथ ही रचनात्मक क्षेत्र में अपनी रुचि के चलते वह फैशन डिजाइनिंग और मेकअप आर्टिस्ट के रूप में भी पहचान बनाना चाहती हैं। उनकी इस सफलता पर गांव के गणमान्य लोगों ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोगों ने कहा कि कल्पना की उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प एवं मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## बीकेडीए ने 5 हजार पौधों का किया वृहद वृक्षारोपण



**बुलन्दशहर (सब का सपना):-** बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा रविवार को ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थित ग्रीन बेल्ट, खुर्जा औद्योगिक पार्क योजना तथा यमुनापुरम योजना में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पीपल, आम, आंवला, कदम, महुआ, अशोक, जामुन, अमरूद, सहजन, पापड़ी, शीशम, बरगद, अर्जुन और नीम सहित करीब 5 हजार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार, अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंताओं एवं प्राधिकरण के कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आमजन भी अभियान में शामिल हुए।

## साइबर ठगी के शिकार युवक को मिली राहत, पुलिस ने 23 हजार कराए वापस



**हयातनगर/संभल (सब का सपना):-** थाना क्षेत्र के गांव ऐंचोली निवासी राजूपाल के खाते से 23 हजार रुपये कटने के मामले में साइबर पुलिस की सक्रियता से पीड़ित को उसकी पूरी धनराशि वापस मिल गई। पुलिस के अनुसार राजूपाल ने 17 जून को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उनके खाते से 23 हजार रुपये कट गए हैं। इसके बाद उन्होंने एनसीआरपी पर भी शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच थाना हयातनगर की साइबर पुलिस टीम ने शुरू की। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) एवं साइबर क्राइम नोडल अधिकारी मनोज कुमार रावत तथा क्षेत्राधिकारी संभल कुलदीप कुमार के निर्देशन में जांच के दौरान पता चला कि धनराशि कोटक महिंद्रा बैंक के एक खाते में ट्रांसफर हुई थी। बैंक से जानकारी लेने पर खाताधारक की पहचान प्रणव निवासी जगाधरी, यमुनानगर के रूप में हुई। इसके बाद समन्वय पोर्टल के माध्यम से संबंधित व्यक्ति को नोटिस भेजा गया। नोटिस मिलने पर वह थाना हयातनगर पहुंचा और पीड़ित राजूपाल के 23 हजार रुपये वापस कर दिए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर तत्काल एनसीआरपी पोर्टल या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि वापस दिलाई जा सके।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में नि:शुल्क उपचार के साथ स्वास्थ्य योजनाओं का भी मिला लाभ



**संभल (सब का सपना):-** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 9 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को 261वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 34 चिकित्सकों और 127 पैरामेडिकल कर्मचारियों ने कुल 2497 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया। इनमें 1064 पुरुष, 1010 महिलाएं और 423 बच्चे शामिल रहे। मेले के दौरान आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 112 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। विभिन्न रोगों के मरीजों में बुखार के 253, चर्म रोग के 391, दमा के 339, मधुमेह के 89, नेत्र रोग के 43 और उच्च रक्तचाप के 165 मरीजों का उपचार किया गया। बुखार से पीड़ित 18 मरीजों की मलेरिया तथा 11 मरीजों की डेंगू जांच की गई, जिनकी सभी रिपोर्ट निगेटिव आई। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन परामर्श एवं परिवार नियोजन सामग्री वितरण के लिए अलग काउंटर स्थापित किए गए। वहीं जिलाधिकारी के निर्देश पर आशा कार्यकताओं ने संचारी रोगों से बचाव एवं सोर्स रिडक्शन के प्रति लोगों को जागरूक किया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत 209 लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श भी दिया गया। आरोग्य मेले में 42 मरीजों को टेलीमानस परामर्श सेवा का लाभ भी उपलब्ध कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न आरोग्य मेला स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# उपाध्यक्ष ने रुद्राक्ष का पौधा रोपित कर वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का किया शुभारम्भ






**अमरोहा (सब का सपना):-** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत जनपद में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग सूर्य प्रकाश पाल द्वारा पुलिस लाइन अमरोह में रुद्राक्ष का पौधा रोपित कर वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके साथ जिलाध्यक्ष भाजपा उदयगिरि गोस्वामी , विधायक धनौरा राजीव तरारा, जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़, पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शशि जैन, राम सिंह सैनी, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र सहित अन्य जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा बच्चों के साथ संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित अन्य सभी को स्मृति चिन्ह के रूप में तुलसी का पौधा भेंट किया गया। उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग सूर्य प्रकाश पाल ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ माँ के नाम का आह्वान एवं मुख्मयंत्री द्वारा प्रदेश को हरा-भरा करने के संकल्प को पूरा करने हेतु प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा रोपित कर उसकी सुरक्षा करे। उन्होने कहा कि भारतीय संस्कृति में माँ का स्थान सर्वोच्च रखा गया है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति माँ को समर्पित करते हुए कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं एवं उसकी देखभाल करे। वातावरण को शुद्ध बनाना है यह हमारे भविष्य के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उससे अधिक वृक्ष लगाए। उन्होने कहा कि हमारी संस्कृति प्रकृति से प्रेम करने वाली संस्कृति है। प्रकृति हमें फल-फूल, अनाज, औषधि देती है हम क्या प्रकृति को दे सकते है उस पर विचार करने की जरूरत है। मुख्य अतिथि ने कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर हमें प्राणवायु, फल, फूल, औषधियां तथा स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां का स्थान सभी रिश्तों से सर्वोपरि होता है, उसी प्रकार भारत माता भी हम सभी की जननी है। हम इसी धरती की गोद में जन्म लेकर बड़े हुए हैं, इसलिए इसकी हरियाली, पर्यावरण और प्राकृतिक संपदा का संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। विधायक धनौरा राजीव तरारा जी ने कहा कि वृक्ष के बिना जीवन सफल नहीं है वृक्षों के महत्व को समझें, वृक्ष सकारात्मक ऊर्जा के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी जनपदवासियों से निवेदन करते हुए कहा कि वृक्ष से जीवन सुरक्षित है इसलिये हमें भावनात्मक रूप से जुड़ते हुए एक वृक्ष जन्म देने वाली मां और भारत मां के लिए जरूर रोपित करना है और उसकी देखभाल करनी है। उन्होंने कहा कि हमें वृक्षारोपण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प को साकार करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि है। जिस प्रकार मां हमें जीवन देती है, उसी प्रकार वृक्ष हमें प्राणवायु देकर जीवन का आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि 'मां के नाम एक पौधा' अवश्य लगाएं तथा उसकी देखभाल अपने बच्चे की तरह करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर चुनौती बन चुकी है और लगातार बढ़ती गर्मी इसका स्पष्ट संकेत है। ऐसे में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना ही इस संकट से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि जनपद में आयोजित वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ को सफल बनाने में किसान भाइयों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों, व्यापारियों, उद्यमियों तथा समाज के सभी वर्गों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के पूर्ण सहयोग और जनसहभागिता के बल पर शासन की मंशा के अनुरूप यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने बताया कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जनपद को 36,51,900 पौधे रोपित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। उन्होंने उपस्थित स्कूली बच्चों से आग्रह किया कि वे घर जाकर अपने परिजनों और आसपास के लोगों को भी अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करें तथा पौधों के महत्व के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों को नियमित रूप से पानी, खाद और आवश्यक देखभाल करें।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अमरोहा शशि जैन ने कहा कि सरकार प्रकृति को हरा-भरा करने के लिए संवेदनशील है और प्रधानमंत्री जी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम के संकल्प को पूरा करते हुये वृक्षारोपण करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि महोदय को स्मृति चिन्ह एवं तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राजीव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी, आमजन, विद्यालयों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## वैश्य समाज की जिला शाखा द्वारा रियासत मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित



**अमरोहा (सब का सपना):-** वैश्य समाज की जिला शाखा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ह्यनंदीह्न के पुनर्प्राप्ति जन्मदिन के शुभ अवसर पर रियासत मंदिर, मोहल्ला कोट में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंत्री उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन तथा एनआरआई निवेश प्रोत्साहन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया गया, तत्पश्चात महादेव की आरती उतारी गई। मंदिर में उपस्थित सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया और मंत्री जी की लंबी आयु, सुस्वास्थ्य एवं निरंतर सेवा की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई 2010 को प्रयागराज में गुंडों द्वारा नंदी जी पर बम हमला किया गया था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उस घटना से सुरक्षित बच निकलने के उपरांत उनके समर्थक एवं वैश्य समाज हर वर्ष 12 जुलाई को ह्यपुनर्प्राप्ति जन्मदिनह्न के रूप में मनाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष करुणेश गोयल, जिला महामंत्री विशाल गोयल, जिला कोषाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, संरक्षक विनोद गुप्ता, रविराज सरन, युवा नगर अध्यक्ष दीपक बंसल, युवा महामंत्री मनु कमल गुप्ता, युवा कोषाध्यक्ष अचल अग्रवाल सहित अभय आर्य, विवेक अग्रवाल, विष्णु दयाल अग्रवाल, शरद अग्रवाल, सीए विवेक गोयल, अनुपम गर्ग, कमलेश चंद अग्रवाल, डॉ. अनुराग गोयल, डॉ. आशुतोष गोयल, संजीव माहेश्वरी, योगेश जैन, मुकेश गुप्ता, आलोक अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महिला वैश्य समाज (जोया इकाई) की नगर अध्यक्ष मीनू गुप्ता भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पुलिस लाइन में किया गया पौधरोपण



**बुलन्दशहर (सब का सपना):-** वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के अंतर्गत रविवार को 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर पुलिस लाइन परिसर में जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने छायादार एवं फलदार पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। अभियान के तहत बुलन्दशहर पुलिस ने जनपद में 11,400 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्यूबवेल से तांबे के तार चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार



**बुलन्दशहर (सब का सपना):-** थाना छतारी पुलिस ने स्वाट टीम देहात के सहयोग से ट्यूबवेल मोटरों से तांबे के तार चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 15 किलोग्राम चोरी का तांबे का तार तथा दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी रिहान उर्फ काली, सुफियान और शान मोहम्मद उर्फ चूहा ने 1/2 जुलाई की रात थाना छतारी क्षेत्र के ग्राम नारऊ व टुंडा खेड़ा के जंगल में ट्यूबवेल मोटरों से तांबे के तार चोरी किए थे। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा।

## बहांपुर गंगा एक्सप्रेसवे पर पौधारोपण कार्यक्रम में लगाए गए सैकड़ों पौधे




**बीबीनगर/बुलंदशहर (सब का सपना):-** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को क्षेत्र के गांव बहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे के आसपास बड़ीमात्रा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सुरेंद्र दिलेर ने पौधरोपण कर लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया साथ ही उन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी निभाने को कहा प्रभारी मंत्री ने कहा कि पौधरोपण करने से पर्यावरण के साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने का संकल्प है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी एक पद मान के नाम लगाकर और अन्य को भी प्रेरित कर उसकी नियमित देखभाल भी करें। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न प्रजाति के पेड़ जैसे नीम, पीपल, शीशम, अर्जुन, जामुन, कदंब, सहजन, आम और अन्य प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं और बहांपुर में लगाए गए। कार्यक्रम में ग्रामीणों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ. भोला सिंह, स्याना विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह, ब्लॉक प्रमुख रजनी सिरोही,

प्रमुखपति नरेंद्र सिरोही, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल, वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सैकड़ों ग्रामीण तथा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे। सभी ने पौधरोपण कर वातावरण को हराभरा बनाने का संकल्प लिया।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से बदली नन्ही की किस्मत, सालाना कमा रही 15 लाख




**अमरोहा (सब का सपना):-** सफलता रातों-रात नहीं मिलती, लेकिन जब सरकारी योजनाओं का सही लाभ और इंसान की कड़ी मेहनत एक साथ मिलते हैं, तो किस्मत बदलते देर नहीं लगती। ऐसी ही एक बेहद प्रेरणादायक कहानी है प्रदेश के अमरोहा जिले के विकास खंड धनौरा के ग्राम दयोती की रहने वाली लाभार्थी नन्ही और उनके बेटे जीशान की। 20 वर्षों तक गन्ने की खेती और मधुमक्खी पालन में कड़ा संघर्ष करने वाले जीशान और उनके दो भाई आज तीन हेक्टेयर के तालाब में 50 से 60 टन मछली का उत्पादन कर रहे हैं। जीशान के बताया कि योजना के तहत ड्ट10.857 लाख की शुरूआती लागत और ड्ट6,51,420 की सरकारी सब्सिडी ने हमारे परिवार को आर्थिक तंगी से निकालकर आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल बना दिया है। इस बंपर उत्पादन से मेरा परिवार सालाना 10 से 15 लाख रुपये की आय अर्जित कर रहा है। सफलता की इस शानदार इमारत की नींव में नन्ही और उनके बेटे जीशान का लंबा और कड़ा संघर्ष छिपा है। बढ़ती घरेलू आवश्यकताओं एवं बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए यह परिवार हमेशा से किसी ऐसे स्वरोजगार की तलाश में था, जिससे नियमित एवं सम्मानजनक आय प्राप्त हो सके। मत्स्य पालन में कदम रखने से पहले जीशान ने लगभग 20 साल तक गन्ने की खेती और मधुमक्खी पालन किया। इसके अलावा पशुपालन में भी खूब पसीना बहाया, लेकिन उन क्षेत्रों में उन्हें अपनी मेहनत के अनुरूप कभी मुनाफा नहीं मिला। वर्ष 2023-24 में गांव के ही कुछ लोगों से उन्हें मछली पालन के बारे में जानकारी मिली। उम्मीद की किरण पाकर उन्होंने मत्स्य विभाग के कार्यालय जाकर वहां के अधिकारियों से संपर्क किया। बिना हार माने उन्होंने एक नई शुरूआत करने का फैसला किया और मात्र 15 हजार पंगासियस मछलियों के साथ अपने पहले तालाब की शुरूआत की। उनका यह साहसिक कदम आज उनके जीवन का सबसे फायदेमंद व्यवसाय बन चुका है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ उठाना जीशान और उनकी माता नन्ही देवी के लिए बेहद पारदर्शी और आसान साबित हुआ। आवेदन प्रक्रिया के लिए उन्होंने सिर्फ बैंक पासबुक, आधार कार्ड, खसरा-खतौनी और फर्द जैसे जरूरी दस्तावेज जमा किए। अप्रैल में आवेदन करने के बाद अक्टूबर में उनका स्वीकृति पत्र आ गया। लगभग ड्ट10.857 लाख की कुल लागत वाले इस प्रोजेक्ट में उन्हें सरकार की ओर से ड्ट6,51,400 की भारी सब्सिडी मिली। सबसे बड़ी राहत यह रही कि यह सब्सिडी महज चार महीने के भीतर बिना किसी परेशानी के उनके खाते में पहुंच गई, जिसने उनके ऊपर से कर्ज और पूंजी का भारी दबाव पूरी तरह से खत्म कर दिया। आज जीशान के तीन हेक्टेयर के निजी तालाब में मुख्य रूप से पंगासियस के साथ-साथ रोहू, कतला और सिल्वर कार्प जैसी मछलियां तेजी से पल रही हैं। गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज का उपयोग, नियमित जल गुणवत्ता प्रबंधन, संतुलित आहार एवं तकनीकी मार्गदर्शन के कारण वे अब वर्ष में दो बार सफल हार्वेस्ट (फसल) लेने में सक्षम हैं। विभाग की ओर से उन्हें पानी में ऑक्सीजन मेंटेन रखने के लिए 'एरेटर' जैसी तकनीकी सहायता भी मिली है, साथ ही इंस्पेक्टर विनीत समय-समय पर निरीक्षण के लिए आते रहते हैं। अपने इस सफल व्यवसाय के जरिए उन्होंने पांच अन्य लोगों को भी रोजगार (रोजगार सृजन) प्रदान किया है। बाजार की भी उनके सामने कोई समस्या नहीं है; दिल्ली (जो 100 किमी दूर है), गजरौला, मुरादाबाद और संभल की मंडियों में उनकी मछली आसानी से पहुंच रही है। वर्तमान में तालाब से ही 110 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मछलियां नकद बिक रही हैं, जिससे माल बिकते ही तुरंत पेमेंट मिल जाता है। अपने शानदार अनुभव के आधार पर जीशान नए किसानों को बहुत ही व्यावहारिक और जरूरी सलाह देते हैं। उनका मानना है कि इस क्षेत्र में आने वाले नए लोगों को एक साथ बड़ा जोखिम लेने के बजाय हमेशा छोटे स्तर से शुरूआत करनी चाहिए। पहले एक या दो साल में उत्पादन, तकनीक और बाजार की बारीकियों को गहराई से समझना चाहिए। उन्होंने खुद सिर्फ 15 हजार मछलियों से शुरूआत की थी, फिर हौसला बढ़ने पर इसे 30 हजार और 70 हजार किया। आज वे 1.25 लाख मछलियां सफलतापूर्वक पाल रहे हैं। उनका यह 'कदम-दर-कदम' बढ़ने का फॉमूर्ला हर नए मत्स्य पालक के लिए सफलता की गारंटी बन सकता है। मत्स्य विभाग की सहायक निदेशक नीतू सिंह का कहना है कि नन्ही और उनके बेटे जीशान की यह सफलता प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के मुख्य उद्देश्यों को पूरी तरह से सार्थक करती है। नन्ही देवी आज अपने क्षेत्र की अन्य ग्रामीण महिलाओं और मत्स्य पालकों के लिए एक बड़ी प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं। उनकी सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग और तकनीकी मार्गदर्शन मिले, तो निम्न स्तर से उठकर भी सफल उद्यमी बना जा सकता है। विभाग का हमेशा यही प्रयास रहता है कि किसानों को योजना का लाभ बेहद पारदर्शी तरीके से मिले। मत्स्य विभाग तकनीकी सहायता से लेकर सब्सिडी और मार्गदर्शन तक, हर कदम पर मत्स्य पालकों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है, ताकि उनकी आय को दोगुना किया जा सके।

जानकारी

# अगर तनाव को रखना है दूर तो डाइट में शामिल करें ये पांच सुपर फूड

आज हर दूसरा व्यक्ति किसी न किसी बात को लेकर तनाव में रहता है। अगर कहा जाए कि व्यक्ति के तनाव के पीछे समस्याओं से ज्यादा उसका खान-पान जिम्मेदार है तो शायद कुछ गलत नहीं होगा। जी हां, आजकल लोग पोषण से ज्यादा स्वाद के लिए भोजन करते हैं। जबकि व्यक्ति का आहार ऐसा होना चाहिए, जो उसके शारीरिक विकास के साथ-साथ उसके मानसिक पोषण का भी ध्यान रखें। ऐसा इसलिए, क्योंकि आप जिस तरह का भोजन करेंगे, वैसी ही आपकी दिमागी सेहत होगी। तो आइए आपको बताते हैं, 5 ऐसे सुपर फूड जो आपकी दिमागी सेहत का ध्यान रखते हुए आपको स्ट्रेस से रखेंगे कोसों दूर।



## खूब पानी पीएं

आपको तनाव दूर करने के लिए सबसे पहले पानी पीने की आदत डालनी होगी। व्यक्ति को दिनभर में कम से कम 8 गिलास पानी पीना चाहिए। ऐसा करने से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती है। हाल ही में हुए एक शोध में भी यह पाया गया कि डिहाइड्रेशन व्यक्ति के मेंटल कॉन्सेंट्रेशन लेवल को बिगाड़ देता है।

## सुबह का नाश्ता न भूलें

सुबह का नाश्ता शरीर के मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने का काम करता है। सेहत से जुड़े एक शोध में बताया गया है कि जो लोग सुबह का नाश्ता किसी भी वजह से मिस नहीं करते हैं उनमें न करने वालों की तुलना में डिप्रेशन की संभावना 30 प्रतिशत तक कम होती है।

## विटामिन डी

विटामिन डी दिमाग और शरीर दोनों को पोषण देने का काम करता है। जिसकी वजह से व्यक्ति को डिप्रेशन यानि मानसिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। मनोविशेषज्ञों ने पाया है कि विटामिन डी जिन लोगों में कम होता है, उनमें डिप्रेशन ज्यादा पाया जाता है। जबकि इसकी जरुरतभर भर मात्रा लेने वाले लोगों में डिप्रेशन कम होता है। विटामिन डी का सबसे अच्छा स्रोत सूरज की किरणें हैं। हफ्ते में दो बार 30 मिनट सूरज के सामने खड़े रहने से आपको इसका लाभ मिल सकेगा।

## ओमेगा 3

मूड लिफ्टिंग से परेशान लोगों को अपनी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहिए, जिसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता हो। ओमेगा 3 फैटी एसिड अवसाद के इलाज के लिए कारगर है। ये न व्यक्ति का अवसाद दूर करता है बल्कि अस्थमा और गठिया को भी ठीक करने का काम करता है। मछली, अखरोट, अलसी के बीज, ऑलिव ऑयल और गाढ़े हरे रंग की पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड काफी मात्रा में पाया जाता हैं।

## कैफीन की मात्रा कम करें

तनाव को लाइफ से दूर भगाने के लिए आपको कैफिन से दोस्ती तोड़नी होगी, जी हां कैफीन उन लोगों में पैनिक अटैक की संभावना को बढ़ा देती है, जिनको ऐंग्जाइटी डिसऑर्डर है।




आप में से कई ऐसे लोग होंगे, जिनका ऐसा मानना है कि वह कितना भी भोजन कर लें, लेकिन उनका शरीर पतला का पतला ही है। दुबले-पतले शरीर को मोटा बनाने के लिए कई तरह के उपाय करने के बाद भी अगर आप इसमें सफल नहीं हो पा रहे हैं, तो आपके लिए आज कुछ आसान उपाय बताने जा रहे हैं, जिसके नियमित प्रयोग से आपका वजन जरूर बढ़ेगा और आपको दुबले पतले शरीर से छुटकारा भी मिलेगा।

## कैलोरी के साथ उच्च मात्रा में प्रोटीन भी लें

सिर्फ कैलोरी ही आपके वजन को बढ़ाने में मदद नहीं करती। वजन को बढ़ाने के लिए सही मात्रा में प्रोटीन लेना भी बेहद जरूरी है। अंडा, मीट, मछली, चिकन, दाल, अंकुरित अनाज और डेरी उत्पाद की प्रोटीन से शरीर समृद्ध होता हैं। प्रोटीन में एमिनो एसिड होता है, जो आपकी मांसपेशियों के लिए बेहद फायदेमंद है। ये आहार आपकी मांसपेशियों को टोन और बढ़ाने के लिए बेहद लाभदायक हैं।



## स्वस्थ वसा

अच्छा वसा मांसपेशियों के विकास और हॉर्मोन्स के उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है, जैसे टेस्टोस्टेरोन। ये मांसपेशियों के विकास और मजबूती के लिए बेहद आवश्यक है। ये मेटाबोलिक के स्तर को बढ़ाती है और इससे शरीर में बेकार वसा निकलने लगता है और अच्छा वसा जमा होता जाता है। अच्छा वसा नट्स, हरी सब्जियों, सल्मोन, अलसी के तेल, एवोकाडो के तेल और अन्य बीज से मिलता है।

## वजन बढ़ाने वाले सप्लीमेंट्स

कुछ मामलों में, डाइट और व्यायाम आपकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाते और इस तरह आपका वजन वहीं का वहीं रह जाता है। इसलिए वजन को बढ़ाने के लिए दूसरा विकल्प आप चुन सकते हैं - अपने आहार के साथ साथ सप्लीमेंट्स का भी सेवन करें, जैसे प्रोटीन पाउडर जिसे आप अपने दूध में मिलाकर पी सकते हैं। ये सप्लीमेंट्स मांसपेशियों और वजन को बढ़ाने में मदद करते हैं।

**योग:** योग कई समस्याओं का इलाज करता है, जैसे तनाव, बेकार मेटाबोलिज्म और स्टामिना की कमी आदि। ये आपके वजन को बढ़ाने में भी बेहद फायदेमंद है। कई योगासन को करने से आपकी भूख बढ़ती है जैसे सर्वांगासन और पवनमुक्तासन। ये आपके पेट से संबंधित समस्याओं को ठीक करते हैं और भूख को बढ़ाते हैं।

**व्यायाम:** कमजोर मांसपेशियों में वसा जमा होने से न ही ये मजबूत होती है, बल्कि इनमे मॉस भी बढ़ता है। इसके अलावा कुछ व्यायाम भी हैं जो आपकी मांसपेशियों को बढ़ाने में मदद करेंगे।

- हर दिन दो चम्मच च्यवनप्राश खाने से आपके शरिर को रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है, तब आप जो भी भोजन करेंगे उसका सार्थक असर आपके शरिर पर पड़ेगा।
- पाचन तंत्र को बेहत बनाने के लिए मुलेठी का प्रयोग लाभदायक होता है, अगर आपका पाचन तंत्र बेहतर होगा तब आप जो भी भोजन करेंगे वो बेहतर तरीके से पचगेगा और आपके शरिर पर इसका सार्थक असर होगा।
- इसके अलावा शतावरी का प्रयोग भी पाचन तंत्र के लिए बेहतर होता, जो आपको जल्दी मोटा होने भी मदद करेगा।

हालांकि, ध्यान रखें कि बीएमआई स्केल के साथ कई समस्याएं भी होती हैं, जो केवल वजन और ऊंचाई पर आधारित होती हैं। यह मांसपेशियों से संबंधित नहीं होता है। कुछ लोग स्वाभाविक रूप से बहुत पतले होते हैं, लेकिन फिर भी स्वस्थ होते हैं। इस पैमाने के अनुसार वजन कम होने का मतलब यह नहीं है कि आपको स्वास्थ्य समस्या है।

कम वजन की समस्या 2-3 गुना लड़कियों और महिलाओं में होना अधिक आम है।

## सामान्य से कम वजन होने के कारण

कई चिकित्सकीय स्थितियां हैं जो अस्वास्थ्यकर वजन घटाने का कारण होती हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-

**आहार-संबंधी विकार:** इसमें एनोरेक्सिया नर्वोसा की स्थिति हो सकती है, जो गंभीर मानसिक बीमारी है। इसमें व्यक्ति की अपने शरीर, भोजन और खाने की आदतों के बारे में सोचने-समझने की क्षमता बदल जाती है।

- अशवगंधा का दो चम्मच चूर्ण एक चम्मच मक्खन के साथ मिलाकर रात को सोने से पहले लेने से बेहद फायदा होता है। इसका इस्तेमाल लंबाई बढ़ाने में भी फायदेमंद साबित होता है।
- सुखी अंजीर और किशमिश को शाम में पानी में डालकर छोड़ दें और इसका सेवन सुबह करें, कुछ ही दिनों के नियमित प्रयोग से आपको जरूर लाभ होगा।
- एक गिलास दूध के साथ एक आम खाएं, अगर दिन में ऐसा दो-तीन बार करते हैं तो आपको इसका सार्थक असर सप्ताह भर में ही देखने को मिलेगा।

**थायराइड संबंधी समस्याएं:** हाइपर थायरायडिज्म (थाइरोइड हार्मोन की अधिक मात्रा) होने से चयापचय को बढ़ावा मिलता है और अस्वास्थ्यकर वजन घटने का कारण बन सकता है।

**सीलिएक रोग:** सीलिएक रोग में ग्लूटन गेहूं में पायी जाने वाली प्रोटीन) खाने से छोटी आंतों को नुकसान होता है। इस बीमारी से ग्रस्त अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि उन्हें ये बीमारी है।

**डायबिटीज अनियंत्रित:** डायबिटीज (मुख्य रूप से टाइप 1) से भी वजन कम हो जाता है।

**कैंसर :** कैंसर ट्यूमर अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी बर्न करते हैं और इसके कारण बहुत अधिक वजन कम हो जाता है।

**संक्रमण:** कुछ संक्रमण बहुत अधिक वजन कम कर सकते हैं। इनमें परजीवी, टीबी और एचआईवी-एड्स संक्रमण प्रमुख हैं। यदि आपका भी वजन कम है, तो आपको डॉक्टर के पास जाना चाहिए। यदि आपने हाल ही में बिना कोशिश किए काफी वजन कम किया है तो उपर्युक्त स्थितियां गौर करने योग्य हैं।

सुझाव



# आईलाइनर लगाना भी एक कला है

## रखें इन बातों का ध्यान

खूबसूरत दिखने के लिए हल्का सा काजल ही यूं तो काफी होता है, मगर अवसर और पहनावे को देखते हुए कई बार आंखों को आकर्षक दिखाने के लिए अतिरिक्त मेकअप करने की जरूरत होती है। ऐसे में काजल के बाद याद आता है आईलाइनर। मगर इसे इस्तेमाल करना इतना आसान नहीं है। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें-

- आंखों का मेकअप चेहरे का लुक बदल देता है। काजल के बाद अगर आईलाइनर लगा लिया जाए तो आंखें बोल उठती हैं। आजकल आईलाइनर के कई ट्रेंड्स हैं, जो लड़कियों और महिलाओं के बीच पसंद किए जा रहे हैं। रोजाना भले ही ब्लैक आईलाइनर लगाती हों, मगर बात जब पार्टी या फंक्शन की आती है तो ज्यादातर लड़कियां कलर आईलाइनर ही लगाना पसंद करती हैं। हालांकि रंग कोई भी हो इसमें सबसे ज्यादा जरूरी है कि आईलाइनर लगाया कैसे गया है। इसलिए कुछ बातों का ध्यान रखें-
- **पलकों के कोने से लगाएं:** आईलाइनर लगाते समय उसे पलकों के बाहरी कोने से लगाना शुरू करें, क्योंकि अंदर के कोने से लाइनर लगाते समय वह मोटी बन सकती है, जिससे चेहरे का लुक बिगड़ सकता है।
- **पेंसिल है बेहतर:** लिक्विड के बजाय कलर या ब्लैक आईलाइनर लगाने के लिए पेंसिल का उपयोग किया जा सकता है। इससे भी आपको पार्टी या फंक्शन में ग्लैमरस लुक मिल सकेगा। ग्लिटर हो तो ऐसा हल्के पेस्टल शेड्स गहरी और लाइट स्किन टोन के साथ मिक्स हो जाते हैं। इसलिए लाइट शेड वाले ग्लिटरी आईलाइनर का ही चुनाव करें।
- ब्लैक या रंग-बिरंगे आईलाइनर हमेशा स्किन टोन के हिसाब से लगाएं। इससे रंगत और निखर जाती है। ब्रश का ध्यान रखें आईलाइनर के लिए ब्रश के इस्तेमाल में सावधानी बरतनी चाहिए। इसके लिए एंगल्ड या पतले लाइनर ब्रश सही रहते हैं। ब्लैक और कलर्ड लाइनर, दोनों के लिए ऐसे ब्रश ठीक रहते हैं।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली -3946




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3945 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा-'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ. आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा-'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला-'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला-'नहीं ! बैल ठेला कर लेंगे !'

छोटा-'कन्धे पर डालकर ले चलो !'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला-'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'

□ □ □

सीता-'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता-'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते !'

'कैसे ?'

'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3946




**बायें से दायें:-**

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की 'हो मुझे प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की 'याइला रे लड़की मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-२
६. 'छोटा बच्चा जानके' गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की 'कोई प्यार ना करे' गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म 'चलते चलते' में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की 'जिया जले जान' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'खुल गया नसीब देखो साला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की 'जब नहीं आये थे' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की 'अकेला हूँ मौं' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'तेरी दुनिया से दूर' गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की 'पर्वतों के पेड़ों पर' गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरी उमर के नौजवानों' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की 'होशवलों को खबर' गीत वाली फिल्म-५
२९. 'प्रहार' में डिम्पल के साथ नायक ?-२
३०. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
३१.'मैं क्या करूं राम' गीतवाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब कोई बात बिगड़ जाये' गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की 'पैसे बिना प्यार फिजूल है' गीत वाली फिल्म-३
३. 'इन आँखों की मस्ती के' गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की 'हम जब सिमट' गीत वाली फिल्म-२
५. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की 'मेरी बन्नो की' गीत वाली फिल्म-३
९. 'शाम है धुआं धुआं' गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की 'बनके संवरके मैं निकली' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'अगर जिंदगी हो तेरे' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की 'वो दिल कहाँ से लाऊं' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. 'छू कर मेरे मन' गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की 'मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3945



## सूडोकु -3946


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3945 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 3946



**बाएँ से दाएँ**

1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली -3945 का हल





## होम्बले फिल्म्स के अगले प्रोजेक्ट में सूर्या के साथ होंगी एक्ट्रेस कायाडू लोहार

साउथ के बेहतरीन अभिनेता सूर्या अपनी फिल्म 'करुप्पु' की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस बीच उन्हें एक और फिल्म मिली है। होम्बले फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर अपने अगले महत्वाकांक्षी सिनेमाई प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। इसमें सूर्या अहम रोल में होंगे। उनके साथ एक्ट्रेस कायाडू लोहार होंगी। होम्बले फिल्म्स ने पहले 'केजीएफ', 'कांतारा' और 'सालार' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुका है। फिल्म में साई अभ्यंकर का म्यूजिक होगा, एस. आर. काथिर सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे, के. काथिर प्रोडक्शन डिजाइन करेंगे और एडिटिंग फिलोमिन राज की होगी। इस नए सफर की ऑफिशियल शुरुआत आज, 29 जून 2026 को चेन्नई के पार्क हयात होटल में एक भव्य मुहूर्त पूजा के साथ हुई। इस खास मौके पर फिल्म के एक्टर्स, क्रू मेंबर्स और फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े चेहरे शामिल हुए। इसके साथ ही भारतीय सिनेमा के इस सबसे बड़े और धमाकेदार प्रोजेक्ट का आगाज हो चुका है। एक बेमिसाल एक्टर, एक उभरती हुई एक्ट्रेस, एक विजनरी डायरेक्टर और कमाल की फिल्में बनाने वाला प्रोडक्शन हाउस, ये सब जब एक साथ आए हैं, तो यकीनन कुछ ऐसा बनने जा रहा है जो हर पीढ़ी के दर्शकों को हमेशा याद रहेगा।





# 28 वर्षों बाद नागार्जुन की किंग 100 में आएंगी नजर

साउथ के अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी की 100वीं फिल्म की जब से घोषणा हुई है, तभी से लोगों में इसे लेकर उत्सुकता है। इसका नाम अभी के लिए 'किंग 100' रखा गया है। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी।

### क्या होगा तब्बू का किरदार?

यह पहले से पता था कि फिल्म में तब्बू नागार्जुन के साथ रोमांटिक रोल में नहीं होंगी, मगर उनके किरदार के बारे में जानकारी गुप्त रखी गई थी। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि तब्बू फिल्म में विलेन (खलनायक) का किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। वैरायटी इंडिया के मुताबिक तब्बू 'किंग 100' में विलेन का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म के जरिए वह 28 साल बाद नागार्जुन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इसके निर्देशक आर.ए. कार्तिक हैं। तब्बू ने फिल्म 'मकबूल', 'हैदर', 'अंधाधुन' और 'फितूर' जैसी फिल्मों में अलग तरह के किरदार निभाकर तारीफें बटोरी हैं।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

तब्बू को आखिरी बार अक्षय कुमार, वामिका गब्बी और परेश रावल के साथ फिल्म 'भूत बंगला' में देखा गया था। उन्होंने हाल ही में एचबीओ की 'ड्यून: प्रोफेसी' में सिस्टर फ्रांसेस्का की अहम भूमिका निभाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है।



## एक्ट्रेस माही विज ने लिया सोशल मीडिया से ब्रेक

अभिनेत्री माही विज तलाक के बाद पूरी तरह से अपने काम में डूबी हुई हैं। इसके साथ ही वह एक सिंगल मदर की जिम्मेदारियां को भी निभा रही हैं। इसी बीच मंगलवार को एक्ट्रेस ने एक इंस्टा स्टोरी शेयर कर अपने फैंस को चौंकाया। इस स्टोरी में माही ने बताया कि वह सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही हैं। हालांकि, कुछ वक्त बाद उन्होंने इसे डिलीट कर दिया। माही ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही हूं, पता नहीं कब तक, जब तक काम से जुड़ी कोई चीज पोस्ट न करनी हो। दुआ में याद रखना।'

### तलाक के बाद बेटी संग रहती हैं एक्ट्रेस

माही विज और उनके पति जय भानुशाली की शादी 15 साल तक चली। मगर आपसी मदभेदों के कारण कपल ने इस साल की शुरुआत में ही तलाक की घोषणा की थी। कपल के तीन बच्चे थे। तारा (उनकी बायोलॉजिकल बेटी), खुशी और राजवीर (जिन्हें उन्होंने गोद लिया है)। फिलहाल माही अपनी बेटी तारा संग कई बार सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर करती देखी जाती थीं।



## 'बंटवारा 1947' को लेकर बहुत उत्साहित हूं और इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं

सनी देओल की नई फिल्म 'बंटवारा 1947' का टीजर रिलीज हो गया है। फैंस इस टीजर को काफी पसंद कर रहे हैं। पहले इस फिल्म का नाम 'लाहौर 1947' रखा गया था। यह फिल्म 14 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं अब सनी के छोटे भाई और अभिनेता बॉबी देओल ने टीजर को लेकर अपनी राय पेश की है। 'बंटवारा 1947' के टीजर को देखने के बाद सनी देओल के छोटे भाई बॉबी देओल ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'आप सबसे अच्छे हैं, भैया।' बॉबी ने आगे लिखा, 'मैं इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं और इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' इसके साथ ही बॉबी ने 'बंटवारा 1947' की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं। सनी देओल की यह फिल्म असगर वजाहत के मशहूर नाटक 'जिस लाहौर नई वेख्या, ओ जम्या ए नई' पर बनी है, जो 1947 भारत-पाकिस्तान विभाजन के दर्द की कहानी दिखाती है। फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है, जावेद अख्तर ने गाने लिखे हैं। 'बंटवारा 1947' में सनी देओल ने सिकंदर मिर्जा का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सनी के अलावा प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, अली फजल, अभिमन्यु सिंह और करण देओल भी नजर आएंगे। बॉबी देओल की फिल्म 'अल्फा' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की इस एक्शन फिल्म में बॉबी के साथ आलिया भट्ट और शरवरी मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अनिल कपूर भी हैं और ऋतिक रोशन का कैमियो है।



## मेरे लिए हमेशा बहुत खास फिल्म रहेगी 'ब्लू 52'




बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया की 'ब्लू 52' फिल्म से इंटरनेशनल डेब्यू हुआ है, जिसको ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट साउथबैंक में आयोजित किया गया। इस फिल्म से 17वें लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल (एलआईएफएफ) की ओपनिंग फिल्म होगी। इस फिल्म को लेकर उन्होंने बात की। अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा, 'मशहूर बीएफआई साउथबैंक में हमारी फिल्म का यूरोपियन प्रीमियर होना पूरी टीम के लिए बहुत सम्मान की बात है। आदिल हुसैन और बाकी कलाकारों जैसे टैलेंटेड को-एक्टर्स के साथ इस पल को शेयर करना इसे और भी यादगार बनाता है।' उन्होंने आगे कहा, 'लियोनेल मेसी जैसे दुनिया भर में पसंद किए जाने वाले व्यक्ति का इस फिल्म से जुड़ना इस प्रोजेक्ट के लिए इंटरनेशनल लेवल पर बहुत ज्यादा ध्यान खींचने वाला रहा है। मैं सच में लंदन में दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने और उन सभी लोगों के साथ इस सफर का जश्न मनाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं, जो 'ब्लू 52' को बनाने में शामिल रहे हैं।'

लंदन में होने वाले इस शानदार प्रीमियर में अभिनेत्री नेहा धूपिया, मशहूर एक्टर आदिल हुसैन और फिल्म की पूरी कास्ट के साथ शामिल होगी। इस खास पल को लेकर नेहा ने कहा कि 'ब्लू 52' मेरे लिए हमेशा एक बहुत खास फिल्म रहेगी, क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है, और लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे प्रतिष्ठित फेस्टिवल में इसकी ओपनिंग होते देखना किसी सपने जैसा लगता है। उन्होंने कहा, 'अभिनेत्री के तौर पर, हम हमेशा ऐसी कहानियां ढूंढते हैं जो हमें छू जाएं, हमें चुनौती दें और कैमरा बंद होने के बाद भी हमारे साथ बनी रहें, और इस फिल्म ने मेरे लिए बिल्कुल यही किया। ट्रेलर को मिला रिस्पॉन्स बहुत उत्साहजनक रहा है, खासकर मेरे किरदार और परफॉर्मेंस के लिए मिल रहा प्यार। इससे यह भरोसा मिलता है कि दर्शक फिल्म की इमोशनल दुनिया से जुड़ रहे हैं।'

अली अल अरबी की डायरेक्ट की गई यह फिल्म आशीष के बारे में है, जिसे उसके पिता ने अलग-थलग कर दिया था। वह 23 साल की उम्र में अपनी मां के पूरे सपोर्ट से घर से भाग जाता है ताकि कतर में 2022 वर्ल्ड कप में अपने आइडल, मेसी, से मिल सके। यह एक ऐसा सफर शुरू करता है जो उसे पहली बार खुद को और दुनिया को जानने का मौका देता है।

# बड़े पर्दे पर पहली बार बनेगी अली फजल और ऋचा चड्ढा की जोड़ी



**बॉलीवुड कपल अली फजल और ऋचा चड्ढा पहली बार किसी फिल्म में एक-दूसरे के अपोजिट नजर आएंगे। यानी पहली बार ये रियल लाइफ जोड़ी बड़े पर्दे पर भी एक जोड़ी के रूप में नजर आएगी। हालांकि, दोनों ने पहले 'फुकरे' फ्रैंचाइजी में साथ काम किया है, लेकिन स्क्रीन पर उन्हें कभी एक-दूसरे के अपोजिट कास्ट नहीं किया गया। एक्टर-राइटर-डायरेक्टर शशि वर्मा की आने वाली फिल्म में कपल साथ नजर आएगा। कपल ने इसको लेकर अपना उत्साह भी जाहिर किया है।**

### ऐसी होगी फिल्म की कहानी

अली और ऋचा आखिरकार पहली बार एक साथ एक बिना नाम वाली सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में काम करने जा रहे हैं, जिसे सीनवर्क प्रोडक्शंस और गिरिराज प्रोडक्शंस बना रहे हैं। इनके अलावा फिल्म में कुमुद मिश्रा भी नजर आएंगे। दिल्ली की भागदौड़ भरी जिंदगी पर आधारित इस फिल्म को एक्टर-राइटर-डायरेक्टर शशि वर्मा डायरेक्ट करेंगे। शशि वर्मा पहले 'बाला', 'गुंजन सक्सेना' और 'कटहल' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं और उन्होंने 'AK47' और 'मुर्गा ट्रॉफी' जैसी फिल्में लिखी हैं। हालांकि, अभी फिल्म का टाइटल सामने नहीं आया है। फिल्म की शूटिंग 2026 के दूसरे हिस्से में शुरू होगी और इसे अप्रैल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

### मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं

इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए अली फजल ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे अच्छी कॉमेडी ईमानदार किरदारों और असल लगने वाली स्थितियों से बनती है।
जैसे ही मैंने यह स्क्रिप्ट पढ़ी, मुझे पता चल गया कि इसमें कुछ खास है। ऋचा के साथ स्क्रीन पर एक बिल्कुल नया तालमेल आजमाना भी रोमांचक है। मैं सच में उस चीज का इंतज़ार कर रहा हूं जो हम साथ मिलकर बनाएंगे। शशि सर के काम को मैं हमेशा से फॉलो करता रहा हूं और उनके साथ काम करना मेरी हमेशा से इच्छा रही है। इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का यह भी एक बड़ा कारण है।'

### कहानी की सादगी ने मुझे खींचा

वहीं ऋचा चड्ढा ने फिल्म को लेकर अपना उत्साह जताते हुए कहा, 'इस कहानी की सादगी और असलियत ने मुझे अपनी ओर खींचा। यह मजेदार और इमोशनल है और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी है, साथ ही इसमें समाज पर एक बेहतरीन टिप्पणी भी है। अली और मैंने पहले भी साथ काम किया है, लेकिन कभी ऐसा नहीं किया। मैं सच में उत्साहित हूं कि दर्शक हमें एक बिल्कुल नए अंदाज में साथ देखेंगे। इस कहानी ने मुझे दिल्ली के यमुना पार में बिताए अपने स्कूल के दिनों की याद दिला दी। अली एक बेहतरीन एक्टर हैं। हमें पहले कभी इस तरह साथ काम करने का मौका नहीं मिला। इससे पहले हमने 'फुकरे' में काम किया था, जहां हमारे किरदार अलग-अलग थे।'

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।